चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 310, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 10 दिसंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 'देश में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी को लेकर उत्साह'

## सरकार की प्रमुख योजनाओं के लाभार्थियों ने उनके जीवन में आई खुशहाली तक के सफर को साझा किया

**नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विकसित भारत संकल्प यात्रा (वीबीएसवाई) के लाभार्थियों से बातचीत की। इस दौरान सरकार की प्रमुख योजनाओं के लाभार्थियों ने उनके जीवन में आई खुशहाली तक के सफर को साझा किया। लाभार्थियों ने बताया कि कैसे केन्द्र सरकार की योजनाओं ने न केवल उनके जीवन को रौशन किया बल्कि अब वे भी कई लोगों को प्रेरित कर पा रहे हैं। वीबीएसवाई लाभार्थी ट्रांसजेंडर मोना ने बताया कि वे काफी मुश्किलों में थीं, जब उन्होंने अपना काम शुरू करने का मन बनाया। इसके लिए पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से 10,000 रुपये का ऋण लिया, जिससे चंडीगढ़ में चाय की दुकान स्थापित की। मूल रूप से रांची की रहने वाली मोना ने बताया कि नगर निगम की एक कॉल थी, जिसमें ऋण की उपलब्धता के बारे में जानकारी दी गई थी। उसके बाद 10 हजार, 20 हजार और अब 50 हजार रुपये का लोन लेकर चाय की दुकान को अच्छे से चला रही हैं। उन्होंने बताया कि चाय की दुकान पर अधिकतम लेनदेन यूपीआई के माध्यम से होता है। उन्होंने बताया कि चाय की दुकान सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक चलाती हैं। अब वे आत्मनिर्भर हैं।

बिहार के दरभंगा की एक गृहिणी और वीबीएसवाई लाभार्थी प्रियंका देवी ने बताया कि उनके पति मुंबई में दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम करते हैं और उन्होंने विशेष रूप से वन नेशन वन राशन कार्ड योजना, पीएमजीकेएवाई और जन धन योजना का लाभ उठाया है। कोरोना महामारी के दौरान और उसके बाद परिवार की आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई थी। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो कर बच्चों की शिक्षा और अपने परिवार के स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल करने में सक्षम बनाया है। 'मोदी की गारंटी' वाहन के प्रति उत्साह व्यक्त करते हुए प्रियंका ने कहा कि वैन का मिथिला क्षेत्र के पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ स्वागत किया जा रहा है।



## देश का हर किसान मेरे लिए वीआईपी है: प्रधानमंत्री

**पीएम ने क**हा कि कुछ राजनीतिक दल ये सीधी सी बात नहीं समझ पाते कि झूठी घोषणाएं करके उन्हें कुछ हासिल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि गत नौ वर्षों में हाशिये पर रहे लोगों के विकास के लिए कार्य किया गया। लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है, ये मेरे लिए संतोष की बात है। पहले की योजनाएं केवल कागजों तक ही सीमित रह जाती थीं। विकसित भारत बनाने के लिए प्रत्यके परिवार में बदलाव की जरूरत बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, देश का हर गरीब मेरे लिए वीआईपी है। देश की हर माता-बहन-बेटी मेरे लिए वीआईपी है।
देश का हर किसान मेरे लिए वीआईपी है। देश का हर युवा मेरे लिए वीआईपी है।

## 'इंटरनेट मीडिया के जरिए चुनाव नहीं जीता जा सकता'

**नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने विपक्षी दलों पर लोक कल्याण को अनदेखा करने का आरोप लगाते हुए इस बात पर जोर दिया कि चुनाव जीतने के लिए लोगों के बीच जाकर पहले उनका दिल जीतना होता है। इंटरनेट मीडिया के जरिए चुनाव नहीं जीता जा सकता। उन्होंने गरीबों और किसानों को वीआईपी बताया और कहा कि जिन्हें कोई नहीं पूछता है, उन्हें मैं पूजता हूं। किसी का नाम लिए बिना पीएम ने कहा कि कुछ दल राजनीतिक लाभ के बजाय अगर जनसेवा को प्राथमिकता दिए होते तो देश को इतनी कठिनाइयों एवं समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ता। मोदी शनिवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बात कर रहे थे। कार्यक्रम में देशभर से हजारों लाभार्थी वर्चुअली शामिल हुए।



पीएम ने केंद्रीय योजनाओं को सौ प्रतिशत पूरा करने के लक्ष्य के साथ 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की थी। 25 जनवरी तक इसे सभी जिलों तक पहुंचना है। चुनाव से पहले मुफ्त रेवड़ियों की घोषणा पर प्रहार करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, यदि दशकों तक लगन से काम किया गया होता तो जो गारंटी मोदी आज दे रहे हैं, वह 50 साल पहले पूरी हो जाती।

## 'करोड़ों परिवारों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिला'



**नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा ऐसे लोगों तक पहुंचने का बहुत बड़ा माध्यम बनी है, जो अब तक सरकार की योजनाओं से नहीं जुड़ पाए। देश के हर कोने में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी को लेकर उत्साह है। प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के लाभार्थियों के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि यह बहुत बड़ी बात है कि इतने कम समय में अब तक सवा करोड़ से अधिक लोग मोदी की गारंटी वाली गाड़ी तक पहुंचे हैं और उसका स्वागत किया है, उससे जुड़ने की कोशिश की है और उसे सफल बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि 40 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों तक मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंची है। देशभर में करोड़ों परिवारों को हमारी सरकार की योजनाओं का लाभ मिला है।
प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंचने के बाद लगभग एक लाख नए लाभार्थियों ने उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन के लिए आवेदन किया है। इस यात्रा के दौरान मौके पर ही 35 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड भी दिए गए हैं। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों में भाजपा को मिली जीत के लिए जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल के विधानसभा चुनावों के नतीजों से यह स्पष्ट हो गया कि लोगों को 'मोदी की गारंटी' पर भरोसा है।

## एमसीडी बजट : दिल्ली नगर निगम का विशेष बजट पेश

**नई दिल्ली**
दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) का विशेष बजट शनिवार को पेश किया गया। कमिश्नर ज्ञानेश भारती ने दोपहर 2:25 बजे विशेष बैठक बुलाई और वर्ष 2023-24 का संशोधित बजट अनुमान और 2024- 25 का बजट अनुमान पेश किया। दिल्ली नगर निगम के इतिहास में यह पहला मौका है, जब कमिश्नर ने सीधे सदन में बजट पेश किया है। उल्लेखनीय है कि एमसीडी एक्ट के तहत कमिश्नर को बजट स्थाई समिति में पेश करना होता है लेकिन दिल्ली नगर निगम में अब तक स्थाई समिति का गठन नहीं हुआ है, जिसकी वजह से कमिश्नर ने सीधे सदन में बजट पेश किया। बजट में कमिश्नर ने निगम को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया है। कमिश्नर ने बताया कि वित्त वर्ष 2022-23 में निगम को 2417 करोड़ रुपये का राजस्व संपत्ति कर से प्राप्त हुआ है। यह राजस्व पिछले वित्त वर्ष की तुलना में लगभग 400 करोड़ ज्यादा है।

## मुठभेड़ में लॉरेंस बिश्नोई के 2 गुर्गे दबोचे

**नई दिल्ली**
लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शूटर्स के साथ दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की मुठभेड़ हुई है। यह मुठभेड़ वसंत कुंज इलाके में बीती रात हुई। दोनों तरफ से ताबड़तोड़ गोलियां चलाई गईं। काफी देर तक चले एनकाउंटर में लॉरेंस बिश्नोई गैंग के दो शूटर्स पकड़े गए। दोनों शूटर्स में से एक नाबालिग है। दोनों के ऊपर पुराने कई मामले दर्ज हैं। स्पेशल सेल के मुताबिक लॉरेंस बिश्नोई के शूटर्स में एक का नाम अनीश है, जो रोहतक (हरियाणा) का रहने वाला है। दूसरा शूटर नाबालिग है। उसकी उम्र करीब 16 साल है। इन दोनों शूटर को पॉकेट 9 वसंत कुंज इलाके में शुक्रवार रात करीब 9:30 बजे एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार किया गया। शुक्रवार रात ये दोनों शूटर वसंत कुंज इलाके में एक फाइव स्टार होटल के नजदीक एक्सटॉर्शन के लिए फायरिंग करने जा रहे थे। उसी दौरान दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के साथ मुठभेड़ हो गई और धर लिये गए।

## माफिया हावी होंगे तो बाधित कर देंगे विकास : सीएम योगी

### यूपी में शरारत के तहत कमजोर किया गया था सहकारिता को :सीएम योगी

**गोरखपुर**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सहकारिता हो या अन्य कोई क्षेत्र, यदि उसमें माफिया हावी होंगे तो विकास बाधित कर देंगे, आमजन को तबाह कर देंगे। उत्तर प्रदेश में 2017 से पहले यही होता था। पर, आज उत्तर प्रदेश में माफिया गिरोहों पर शिकंजा कस दिया गया तो न केवल प्रदेश के प्रति लोगों की धारणा बदली है बल्कि विकास के बड़े बड़े कार्य हो रहे हैं और लोगों की आय बढ़ रही है।
सीएम योगी शनिवार को गोरखपुर के नथमलपुर में जिला सहकारी फेडरेशन (डीसीएफ) लिमिटेड के नवनिर्मित व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण करने के बाद यहां आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।



## विश्वास के साथ कहता हूं, यह दशक उत्तराखंड का दशक होगा: अमित शाह

**देहरादून**
केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह केवल डेस्टिनेशन उत्तराखंड का ही समारोह नहीं है, बल्कि कई नई चीजों की शुरूआत भी है। यह ऐसा स्थान है, जहां विकास और दैवीय शक्ति साथ में हैं। मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड हर क्षेत्र में ऊंचाइयों को छू रहा है।
केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने यह बातें शनिवार को वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई) में दो दिवसीय उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के समापन समारोह में देवभूमि उत्तराखंड को नमन करते हुए कहीं। इससे पूर्व मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने पहाड़ी टोपी पहनाकर केंद्रीय गृहमंत्री शाह का स्वागत किया। इसके बाद केंद्रीय गृहमंत्री मंच पर पहुंचे और बाबा केदार और बदरीनाथ को प्रणाम कर अपना संबोधन शुरू किया। उन्होंने कहा कि 02 लाख करोड़ के करारों के लक्ष्य के सापेक्ष ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में राज्य में साढ़े तीन लाख करोड़ से अधिक के करार हुए हैं। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड के शासन और प्रशासन को बधाई देते हुए कहा कि यह नये उत्तराखंड की अनन्त संभावनाओं को तलाशने की शुरूआत है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को ईको फ्रेंडली तरीके से किस प्रकार से उद्योग जगत के साथ भी जोड़ा जा सकता है, इसका एक मजबूत उदाहरण समग्र विश्व के सामने बनेगा। प्रधानमंत्री ने विश्वास के साथ कहा कि यह दशक उत्तराखंड का दशक होगा।



## असमिया मुस्लिमों का होगा सामाजिक-आर्थिक मूल्यांकन: हिमंत बिस्वा सरमा



**गुवाहाटी**
असम की हिमंत बिस्वा सरमा सरकार ने राज्य के स्वदेशी मुस्लिमों के सामाजिक-आर्थिक मूल्यांकन करने का फैसला किया है। असम सरकार ने कहा कि वह राज्य के स्वदेशी असमिया मुसलमानों का सामाजिक-आर्थिक आकलन करेगी। दरअसल, मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया गया है। सीएम हिमंत बिस्वा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी है।

**सरमा ने एक्स पर दी जानकारी**
सरमा ने लिखा, 'स्वदेशी असमिया मुसलमानों का सामाजिक-आर्थिक आकलन अल्पसंख्यक मामलों के निदेशालय और चार क्षेत्रों के माध्यम से किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया है कि चार क्षेत्रों के विकास निदेशालय का नाम बदलकर अल्पसंख्यक मामलों और चार क्षेत्रों के निदेशालय असम किया जाएगा। इसके अलावा कैबिनेट ने माघ बिहू के दौरान आयोजित पारंपरिक भैंस और सांडों की लड़ाई की अनुमति के लिए एसओपी जारी करने को भी मंजूरी दी है। एसओपी का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पशुओं पर जानबूझकर अत्याचार या क्रूरता नहीं की जाए। जो सदियों पुरानी असमिया सांस्कृतिक परंपरा का अभिन्न हिस्सा वार्षिक बफेलो प्रतियोगिताओं के दौरान आयोजकों द्वारा उनकी भलाई के लिए प्रदान किया जाए।

## राम मंदिर तक बन रहे फोर लेन का 90 प्रतिशत काम हुआ पूरा

**अयोध्या**
जैसे-जैसे अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में भगवान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम नजदीक आ रहा है, प्रदेश की योगी सरकार द्वारा अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुगम यातायात बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। राम मंदिर तक श्रद्धालुओं की सुगम पहुंच के लिए बनाए जा रहे विभिन्न पथों के निर्माण में तेजी दिख रही है। इन्हें अब अंतिम रूप देने के लिए दिन-रात काम हो रहा है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 27 से मोहबरा व टेढ़ी बाजार होते हुए राम मंदिर तक बनाए जा रहे फोर लेन का कार्य भी तेजी से पूरा किया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों का मानना है कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व फोरलेन का निर्माण पूरा हो जाएगा।

**अब तक फोरलेन का लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है**
अधिशासी अभियंता एसपी भारती ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 27 से मोहबरा बाजार होते हुए टेढ़ी बाजार की ओर से राम जन्मभूमि तक फोरलेन का निर्माण 21 नवंबर 2022 से प्रारंभ हुआ था। यह कार्य 31 दिसंबर 2023 तक पूरा होना है। अब तक लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि 1.360 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के निर्माण में 44.98 करोड़ रुपए की लागत आई है।
निर्माण कार्य पूरा हो जाने पर लोगों को राष्ट्रीय राजमार्ग से राम जन्म भूमि तक जाने के लिए जाम का सामना नहीं करना पड़ेगा और आसानी से मंदिर तक श्रद्धालु पहुंच सकेंगे।

## बेमिना इलाके में पुलिसकर्मी को आतंकियों ने मारी गोली

**श्रीनगर**
**श्रीनगर में** शनिवार को आतंकियों ने कायराना हरकत को अंजाम दिया है। दहशतगर्दों ने बेमिना के हमदानिया कॉलोनी में पुलिसकर्मी पर गोलीबारी की। घायल जवान की पहचान मोहम्मद हाफिज के तौर पर हुई है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती गया है।

**हाफिज को लगी दो गोली**
हमले के बाद से सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है और आतंकियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन चलाया है। वहीं पुलिस ने जानकारी दी है कि मुहम्मद हाफिज को एक पेट और एक बाजू में गोली लगी है। फिलहाल डॉक्टरों ने उनकी हालत स्थिर बताई है। गोली की आवाज सुन इलाके में दहशत फैल गई। घबराए लोगों में भगदड़ बच गई। सभी खुद को सुरक्षित करने के लिए छिपते दिखाई दिए।

## 'इतिहास नहीं पता तो बोलना नहीं चाहिए' असम म्यांमार का हिस्सा वाली टिप्पणी बवाल

**गुवाहटी**
**राज्यसभा** सांसद कपिल सिब्बल की एक टिप्पणी से बवाल हो गया है। दरअसल, कपिल ने 5 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट में एक सुनवाई के दौरान कहा था कि पूर्वोत्तर राज्य कभी म्यांमार का हिस्सा था। उनके इस बयान पर अब असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने पलटवार किया है। उन्होंने इस तरह के दावे को पूरी तरह से नकारते हुए कहा कि जो लोग असम के इतिहास के बारे में नहीं जानते उन्हें इसके बारे में नहीं बोलना चाहिए।
इतिहास नहीं पता तो बोलना नहीं चाहिए संवाददाताओं से बात करते हुए सरमा ने कहा, 'जिन्हें कोई ज्ञान नहीं है, उन्हें नहीं बोलना चाहिए। असम कभी भी म्यांमार का हिस्सा नहीं था। थोड़ी देर के लिए झड़पें हुईं थी और बस यही रिश्ता था। मैंने ऐसा कोई डेटा नहीं देखा है जिसमें कहा गया हो कि असम म्यांमार का हिस्सा था।'



**क्या है पूरा मामला ?**
5 दिसंबर को नागरिकता अधिनियम 1955 की धारा 6ए की वैधता को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई की गई। इस दौरान सिब्बल ने कहा कि एक संधि के तहत अंग्रेजों को सौंपे जाने से पहले असम मूल रूप से म्यांमार का हिस्सा था।

**सिब्बल की टिप्पणी**
सिब्बल ने यह टिप्पणी तब की जब वह पूरे इतिहास में जनसंख्या आंदोलनों का पता लगाने की जटिलता पर जोर दे रहे थे। इसमें म्यांमार का हिस्सा बनने से लेकर ब्रिटिश शासन के तहत इसके बाद के शासन और विभाजन के बाद पूर्वी बंगाल के साथ जुड़ाव तक असम के ऐतिहासिक विकास पर प्रकाश डाला गया था। सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान कहा, लोगों और आबादी का प्रवासन इतिहास में अंतर्निहित है और इसका मानचित्रण नहीं किया जा सकता है। अगर आप असम के इतिहास को देखें, तो आप महसूस करेंगे कि यह पता लगाना असंभव है कि कौन कब आया था?' उन्होंने कहा कि असम मूल रूप से म्यांमार का हिस्सा था। 1824 में ब्रिटिशों द्वारा इस क्षेत्र के एक हिस्से पर कब्जा करने के बाद एक संधि की गई थी जिसके द्वारा असम को ब्रिटिशों को सौंप दिया गया था। आप कल्पना कर सकते हैं कि तत्कालीन ब्रिटिश साम्राज्य के संदर्भ में लोगों का किस तरह का आंदोलन हुआ होगा।

# माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का किया गया शुभारंभ

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 203053 वादो का रिकॉर्ड निस्तारण '

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज के तत्वाधान में जनपद न्यायालय प्रयागराज व समस्त तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन माननीय जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज संतोष राय द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया।राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 203053 वादो का निस्तारण किया गया। माननीय जनपद न्यायाधीश प्रयागराज के द्वारा 3 सिविल वाद निर्धारित किए गए। फौजदारी के कुल 3326 वादों का निस्तारण किया गया ' प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय बालमुकुंद द्वारा 19 वादो का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया गया। पारिवारिक न्यायालय द्वारा कुल 61 वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण पीठासीन अधिकारी उत्तरी राम कुशल द्वारा 220 वादों का निस्तारण करते हुए कुल 82823235 रुपए प्रतिकर प्रदान कराया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण पीठासीन अधिकारी दक्षिणी प्रदीप कुमार द्वारा 74 वादों का निस्तारण करते हुए कुल 39496418 रुपए प्रतिकर प्रदान कराया गया ' श्री रामकेश पीठासीन अधिकारी कमर्शियल कोर्ट द्वारा 25 वादों का निस्तारण किया गया। दिनेश चंद्र पीठासीन अधिकारी भूमि अधिग्रहण अधिनियम द्वारा 5 वाद निस्तारित किए गए। चंद्रपाल द्वितीय अपर जनपद न्यायाधीश इ सी एक्ट के द्वारा विद्युत के 600 मामलों का निस्तारण किया गया। डॉ लकी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के द्वारा 1870 वाद, अमित कुमार रेलवे मजिस्ट्रेट के द्वारा 1197 वाद, श्रीमती दीक्षा श्री वर्चुअल कोर्ट ट्रैफिक के द्वारा कुल 10500 फ्री लिटिगेशन वाद निस्तारित किए गए। राजस्व न्यायालय के द्वारा कुल 131902 वादों का निस्तारण किया गया बैंक के प्री लिटिगेशन के 1700 मामले निस्तारित किए गए। रवि कांत द्वितीय नोडल अधिकारी/ ए डीजे लोक अदालत के निर्देशन में समस्त विभागों से समन्वय स्थापित कर लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया ' यह जानकारी सुभाष चंद्र मौर्य सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज द्वारा प्रदान की गई '

# उड़ाकादल पहुँचने से पहले तिराहे व चौराहे पर तैनात मुन्नाभाई करते है महाविद्यालय के प्रबन्धतंत्र को अगाह

## महावीर कैलाश महाविद्यालय में परीक्षा में नकल माफियाओं का बोलबाला

अखंड भारत संदेश



**मांडा।** प्रो राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया राज्य विश्वविद्यालय से सम्बन्धित शनिवार को महावीर कैलाश महाविद्यालय में उड़ाकादल पहुँचने से पहले ही सभी परीक्षार्थियों एवं प्रबन्ध तंत्र को अगाह कर दिया जाता है। क्षेत्र के तमाम चौराहा मांडा रोड, मांडा खास,गिरधरपुर तिराहा पर प्रबन्ध तंत्र द्वारा उक्त मुन्नाभाइयो को बैठा कर खुले आम नकल माफिया चुनौती दे रहे हैं।बैठाये गए विद्यालय के कर्मचारियों द्वारा अपनी पैनी नजर उड़ाकादलों पर गड़ाये रहते है। वहीं मांडा क्षेत्र अंतर्गत कोरांव मुख्य मार्ग पर स्थित महावीर कैलाश महाविद्यालय कोसड़ा कला में शनिवार को परीक्षा प्रारम्भ होने से पहले सुविधा शुल्क के नाम वसूली कर लेते है।और जो लोग सुविधा शुल्क देने में आनाकानी करने लगते हैं उन्हें परीक्षा से वंचित कर दिए जाते है। ऐसे ही बाबू फतेह बहादुर सिंह डिग्री कालेज में की रवैया बनी हुई है।

महाविद्यालय के प्रबन्ध तंत्र के मान मनौव्वल के बाद उड़कादलों (बैच) ने कुबूल कर परीक्षा केन्द्र को छोड़ दिया है। जिससे परीक्षा केन्द्र पर जमकर वसूली व नकल कराने में व्यस्त रहे।

बता दें कि पण्डित रामा नन्द महाविद्यालय व आरबीएस महाविद्यालय मेजा के छात्रों का परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। तथा महावीर कैलाश महाविद्यालय के छात्र छात्राओं की परीक्षा सेल्फ हैं। ऐसे ही बाबू फतेह बहादुर सिंह डिग्री कालेजों के छात्र छात्राओं की परीक्षा कराने के लिए विश्वविद्यालय ने हरी झंडी दे दिया हैं। वहीं प्रबन्धतन्त्र की मनमानी रवैए से उड़कादल नकमस्तक होकर लौट जाते हैं।

# गंगा किनारे आठ राज्यों के कलाकारों का होगा संगम

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** 15 जनवरी से शुरू हो रहे माघ मेले में उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के शिविर में साहित्यकारों का जमावड़ा होगा। इसमें आठ राज्यों के मध्य प्रदेश, हरियाणा, उतराखंड, बिहार, असम, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। 10 दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम चलो मन गंगा यमुना तीर का आगाज होगा।

इस बार एक भारत, श्रेष्ठ भारत की थीम पर केंद्रित होगा। इस मौके पर कलाकार पारंपरिक ढेढ़िया नृत्य, बिहू नृत्य, कश्मीरी लोकनृत्य, ब्रज गीत, उत्तराखंड का लोकनृत्य थड्या चैफला, ओडिशा के गीटीपुआ, राजस्थान के तेरहताली नृत्य आदि का आयोजन होगा।धर्म व अध्यात्म की नगरी में भजनों के ही सुर घोले जाएंगे। इसमें आठ राज्यों के दिग्गज कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। यहां सामाजिक संदेश, जागरुकता के साथ कई नामचीन कलाकार जुटेंगे। कार्यक्रम का खास आकर्षण झारखंड के केड़िया बंधु लोगों के लिए आकर्षक का केंद्र होगा।

निदेशक सुरेश शर्मा ने बताया कि इस बार माघ मेले में आठ राज्यों के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। सबसे ज्यादा कलाकार उत्तर प्रदेश से होंगे। एनसीजेडसीसी सभी कलाकारों को मंच देता है। शिविर में लाइट की लड़ियों से सजाया जाएगा, जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। यह कार्यक्रम हर साल भव्य रूप से मनाते हैं। इस बार भी कई नामचीन कलाकार आएंगे। कार्यक्रम में आतिशबाजी का भी भव्य आयोजन होगा। प्रशासन की ओर से पुलिस और एंबुलेंस की व्यवस्था दी जाएगी। वहीं, कुंभ को लेकर भी व्यापक तैयारी की जा रही है।

## पोलियो का टीकाकरण आज से

### पोलियो की खुराक जरूर बच्चों को पिलाएं:अधीक्षक डा शमीम

**कोराव। प्रयागराज।** दस दिसंबर से पल्स पोलियों अभियान का शुभारंभ होगा। जिसमें पहली खुराक दो बूंद जिंदगी की पिलाई जाएगी। जिसका क्रम 16 दिसंबर तक चलता रहेगा। उक्त जानकारी सामुदायिक स्वास्थ केंद्र कोरांव के अधीक्षक डाक्टर शमीम अख्तर ने दी। अधीक्षक ने नागरिकों से अपील की है कि इतवार को 10 दिसंबर को पोलियो की खुराक जरूर पिलाएं। उन्होंने रोस्टर के अनुसार सभी अपने अधिनस्थों और स्वास्थ्य कार्य कताओं को सिस्टम के अनुसार पल्स पोलियों अभियान को अंजाम देने का आह्वान किया।

# समाधान दिवस पर तीन प्रार्थना पत्र आए,निस्तारण शून्य

## मांडा मे औपचारिकता बनकर रह गया समाधान दिवस, फरियादी मायूस

अखंड भारत संदेश



मांडा -प्रयागराज। थाना समाधान दिवस में राजस्व कर्मियों की संख्या हमेशा कम ही रहती है। जिससे एक ही फरियादी कई बार अपनी समस्याओं को लेकर समाधान दिवस में जाने के लिए मजबूर होते हैं। वहीं समाधान दिवस केवल औपचारिकता बनकर रह गया है।

शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।समाधान दिवस में मेजा तहसील से तहसीलदार न्यायिक अरुण कुमार कनौजिया के पहुंचने पर राजस्व सम्बंधित तीन प्रार्थना पत्र आए। फरियादियों की समस्याएं सुनकर हल्का लेखपाल को आवश्यक निर्देश देते हुए मौके पर पहुंचकर निस्तारण कर आख्या रिपोर्ट प्रस्तुत करे। लेकिन किसी भी मामले का समाधान राजस्व कर्मियों की कमी के कारण नहीं हो पाया। मांडा थाने के समाधान दिवस में हमेशा राजस्व कर्मियों की कमी रहती है। मेजा तहसील के एसडीएम मांडा थाना दिवस पर नहीं आते। इस लिए मातहत भी मांडा के थाना दिवस को उपेक्षा की दृष्टि से देखते हैं। राजस्व कर्मियों की लापरवाही के चलते मांडा के समाधान दिवस में एक ही फरियादी कई बार चक्कर लगाते रहते हैं।समाधान दिवस की अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक वैभव सिंह ने की। समाधान दिवस पर समस्याओं का निस्तारण के लिए पूर्व प्रधान राजेन्द्र सिंह ने राजस्व कर्मियों के उदासीनता पर नाराजगी जताई है।

# भारत को विकसित देश बनाने का संकल्प प्रधानमंत्री का सपना है: डॉ रीता जोशी

अखंड भारत संदेश




**करछना प्रयागराज।** विकासखंड करछना के अंतर्गत तालुका रामपुर मुगारी में आयोजित हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम में शनिवार को प्रयागराज की सांसद डॉक्टर रीता बहुगुणा जोशी बतौर मुख्य अतिथि ने महिलाओं एवं क्षेत्रीय लोगों को एक कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह एक सपना है कि हमारा संकल्प विकसित भारत देश बने जिससे विश्व गुरु का नाम भारत बोला जाए इस कार्यक्रम में उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का विस्तार पूर्वक उपस्थित लोगों को जानकारी दी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रह रही गरीब महिलाओं के उत्थान के लिए विभिन्न प्रकार से चलाई जा रही योजनाएं उनको आगे बढ़ाने के लिए मोदी का एक संकल्प है की अंतिम छोर तक व्यक्ति को सभी सुविधाएं उपलब्ध हो सके जैसे बिजली पानी सड़क आवास शौचालय उज्जवला गैस आदि जैसी योजनाएं समाज के अंतिम छोर तक गरीबों को मिल सके जिससे हमारा संकल्प विकसित भारत हो सके इसके अलावा उन्होंने ने उपस्थित महिलाओं से मिल कर उनकी समस्याओं को सुना और समय पर पूरा पूरा कराने का आश्वासन दिया, इस मौके पर खंड विकास अधिकारी करछना धीरेश गुप्ता, सचिव कमल सिंह, संजीव श्रीवास्तव, एड़ियों पंचायत करछना व एडीओ पंचायत प्रतापपुर आदित्य कुमार पौडवाल प्रधान धर्मराज पटेल एडिओ आईएसबी उदय भान जितेंद्र द्विवेदी, प्रधान,राम भवन द्विवेदी, पंकज द्विवेदी, श्याम धर द्विवेदी,केसी मिश्रा, राजकुमार, विमलेश शुक्ला, डॉ नफीस सहित बड़ी संख्या में प्रधान, व गणमान्य लोगो के अलावा महिलाओं ने कार्यक्रम में शामिल रहे।

# भाजपा की केंद्र प्रदेश सरकार जनहित में कृत संकल्पः राजमणि कोल

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम आयोजित

अखंड भारत संदेश

**कोरांव, प्रयागराज।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजमणि कोल ने सराहना करते हुए कहा कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार जनहित में बहुत काम कर रही है। उन्होंने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की विधिवत सराहना की। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार में ही किसानों,मजदूरों,बेरोजगारों का हित संभव है। उन्होंने ग्राम सभा में पंद्रह लोगों को उत्कृष्ट कार्य सेवाओं के लिए सम्मान प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया। और सभी को सपथ दिलाई। विधायक ने ग्राम प्रधान अल्हवा अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे द्वारा कार्यक्रम को बेहतर ढंग से आयोजन के लिए बधाई और प्रसंशा की। तथा ग्राम्य विकास के लिए दिए गए मांग पत्र के सापेक्ष विकास योजनाओं की मंजूरी का आश्वाशन दिया।

## ब्लॉक प्रमुख ने किया एक सामुदायिक शोंचालय की घोषणा

ब्लॉक प्रमुख कोरांव मुकेश कुमार कोल ने कार्यक्रम स्थल मनरेगा पार्क के निकट एक सामुदायिक शोंचालय के निर्माण कार्य दो माह के अंदर कराए जाने की घोषणा की। और सरकार की योजनाओं की बखान भी किया। इसी तरह निवर्तमान चेयरमैन कोरांव नरसिंह केसरी,पिंटू चौबे जिला पंचायत सदस्य प्रयागराज,भाजपा युवा नेता बबुआन दुवेदी,महिला भाजपा नेता संतरा देवी,विधायक पीआरओ रामाश्रय शुक्ल,भाजपा मंडल अध्यक्ष बड़ोखर रेवती पाल,राजेश मिश्रा,प्रधान महुली मुरारीलाल मौर्य,सद्दाम प्रधान पैतीहा,भलेंद्र मिश्र प्रधान बंसीपुर,शिवलाल प्रधान देवघाट, गोरई शुक्ला,अनिल मिश्र,रामयज्ञ त्रिपाठी,यमुना मिश्र,पवन सिंह पटेल,मनोज जायसवाल,सुखलाल विश्वकर्मा शिव प्रसाद दुबे,संतोष दुबे,राम आसरे कोल,शिवाकांत पटेल, विरेस सिंह पटेल,अनस अहमद,प्रभाकर वर्मा प्रधान मुरलीपुर,अर्जुन तिवारी,सिद्धनाथ सिंह पटेल,शिवनारायण सिंह,लालजी पाल,भाई लाल पाल,भगवानदास पाल ब्लॉक से एडीओ आई एस बी कोरांव रामेश्वर सिंह,अधीक्षक सीएचसी कोरांव डा शमीम अख्तर,ग्राम सचिव सुनील कुमार सरोज, दिलीप विश्वकर्मा,सूर्यदीन सिंह,महिला समूह की पदाधिकारी,और आमजन मौजूद रहे।

## समाधान दिवस पर तीन प्रार्थना पत्र आए,निस्तारण शून्य

### मांडा मे औपचारिकता बनकर रह गया समाधान दिवस, फरियादी मायूस

अखंड भारत संदेश

**मांडा, प्रयागराज।** थाना समाधान दिवस में राजस्व कर्मियों की संख्या हमेशा कम ही रहती है। जिससे एक ही फरियादी कई बार अपनी समस्याओं को लेकर समाधान दिवस में जाने के लिए मजबूर होते हैं। वहीं समाधान दिवस केवल औपचारिकता बनकर रह गया है। शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।समाधान दिवस में मेजा तहसील से तहसीलदार न्यायिक के पहुंचने पर राजस्व सम्बंधित तीन प्रार्थना पत्र आए। फरियादियों की समस्याएं सुनकर हल्का लेखपाल को आवश्यक निर्देश देते हुए मौके पर पहुंचकर निस्तारण कर आख्या रिपोर्ट प्रस्तुत करे। लेकिन किसी भी मामले का समाधान राजस्व कर्मियों की कमी के कारण नहीं हो पाया। मांडा थाने के समाधान दिवस में हमेशा राजस्व कर्मियों की कमी रहती है। मेजा तहसील के एसडीएम मांडा थाना दिवस पर नहीं आते। इस लिए मातहत भी मांडा के थाना दिवस को उपेक्षा की दृष्टि से देखते हैं। राजस्व कर्मियों की लापरवाही के चलते मांडा के समाधान दिवस में एक ही फरियादी कई बार चक्कर लगाते रहते हैं।समाधान दिवस की अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक वैभव सिंह ने की। समाधान दिवस पर समस्याओं का निस्तारण के लिए पूर्व प्रधान राजेन्द्र सिंह ने राजस्व कर्मियों के उदासीनता पर नाराजगी जताई है।

# भैंसहाई पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा, दिलाई गई शपथ

## ग्रामीणों को दिलाएं कल्याणकारी योजनाओं का लाभः आलोक गुप्ता

अखंड भारत संदेश




**बारा/शंकरगढ़।** भारत को विकसित राष्ट्र बनाने और जन-जन को उनकी आवश्यकता के अनुरूप योजनाओं का लाभ दिलने के उद्देश्य से निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा दूसरे दिन शंकरगढ के भैंसहाई में थी। पहले दिन यात्रा का पड़ाव मवइया पहलवान और अकौरिया में हुआ था। ग्रामसभा भैंसहाई में सांसद रीता जोशी के प्रतिनिधि के रूप में आलोक गुप्ता मौजूद रहे। ग्राम विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार मौर्य ने विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लिए ग्रामीणों को शपथ दिलाई। इसके पूर्व ग्रामीणों के द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा का जोरदार स्वागत किया।

खंड विकास अधिकारी राम विलास राय ने केंद्र सरकार की योजनाओं के विषय में ग्रामीणों को विस्तार से बताया। ग्रामीणों को जनधन योजना, सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय, हर घर नल योजना, विधवा, विकलांग पेंशन जैसी तमाम महत्वपूर्ण केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई और उनका लाभ उठाने का आह्वान किया गया। सांसद के प्रतिनिधि के रूप में आलोक गुप्ता ने कहा, भारत का सही मायने में विकास तभी संभव है, जब समाज के अंतिम छोर पर खड़ा परिवार भी खुशहाल बने। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से विकास योजनाओं का क्रियान्वयन करें और उनका लाभ पात्र जरूरतमंदों तक पहुंचाएं। इस अवसर पर बीडीओ रामविलास राय के साथ ग्राम विकास अधिकारी राजेंद्र मौर्य, बैंक के अधिकारी, जल जीवन मिशन के अधिकारी एवं प्रधान प्रतिनिधि श्याम बाबू यादव सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इसीतरह दूसरे पहर ग्राम पहाड़ी कला,नेवरिया आदि ग्रामों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का पड़ाव रहा।जहां एडीओ पंचायत विजय राज,प्रधान प्रतिनिधि अरविंद सिंह,प्रवीण सिंह समेत तमाम ग्रामवासी मौजूद रहे।

# अतीक के करीबी तीन बिल्डरों के खिलाफ एफआईआर, पीडीए के जेई ने कराई दर्ज

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अतीक अहमद के करीबी तीन बिल्डरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। पीडीए के जेई ने एयरपोर्ट थाने में छह दिसंबर को तहरीर दी जिसके बाद रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। तीन बिल्डरों ने गौसपुर कटहुला इलाके में 90 बीघे जमीन पर अवैध प्लाटिंग की थी। पीडीए से न तो नक्शा पास कराया गया था, न ले आउट प्लान स्वीकृत कराया गया था। पीडीए ने पिछले 13 अक्टूबर को यहां पर अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त कर दिया था। माना जा रहा है कि अतीक गिरोह की सरपरस्ती में तीनों बिल्डरों ने बड़े पैमाने पर अवैध प्लाटिंग की।

पीडीए के जेई ने अनिल कुमार ने एयरपोर्ट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मेट्रो इन्फ्रावेंचर और शिखर ग्रीन एग्रोटेक के निदेशक अतुल द्विवेदी निवासी लूकरगंज, मधुकर मिश्रा और अजीत विक्रम पांडेय ने गौसपुर कटुहला इलाके में करीब 90 बीघे जमीन पर अवैध प्लॉटिंग की है। इन लोगों ने न तो पीडीए से नक्शा पास कराया न ही ले आउट प्लान स्वीकृत कराया। सूचना मिलने पर पीडीए ने काम रुकवा दिया था। जांच के बाद 13 अक्टूबर को पीडीए ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की।अनिल कुमार की तहरीर के मुताबिक तीनों बिल्डरों ने वहां प्लॉटिंग कर जमीनें बेच भी दी थीं। ध्वस्तीकरण कार्रवाई के दौरान कई खरीदार भी मौके पर थे, उन लोगों ने ही बताया था कि अतुल द्विवेदी के साथ मधुकर और अजीत विक्रम ने भी दर्जनों लोगों को जमीन बेचकर करोड़ों ठगे हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक अतुल द्विवेदी, मधुकर मिश्रा और अजीत विक्रम पांडेय अतीक गिरोह के करीबी हैं। उन्होंने यह काम अतीक के जिंदा रहते शुरू किया था। पुलिस जांच कर रही है कि अतीक गिरोह से उनके किस हद तक संबंध थे। सुबूत मिलने के बाद उनके खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज कराई जाएगा।

# प्रयागराज में 5026 लाभार्थियों को मिला पीएम आवास का लाभ, रखी गई आधारशिला

## सांसद संग विधायक द्वारा लाभार्थियों को बांटे आवास स्वीकृति पत्र और पीएम आवास की रखी आधारशिला, किया भूमि पूजन

### आवास मिलने पर लाभार्थियों ने जाहिर की खुशियां

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** गरीबों और वंचितों को अपना घर मुहैया कराने के लिए प्रदेश सरकार 08 से 10 दिसम्बर के बीच 5026 पीएम आवासों का भूमि पूजन किया जा रहा है। दिनांक 09.12.2023 को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अन्तर्गत 5026 नये स्वीकृत आवासों के भूमि पूजन एवं स्वीकृति पत्र वितरण का कार्यक्रम मुख्य अतिथि महोदय महापौर गणेश चंद्र उमेश चंद्र केसरवानी व अन्य जन प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थित में बमरौली उपरहार, प्रयागराज में किया गया। माननीय अतिथि जी द्वारा लाभार्थियों को संबोधित करते हुए बताया गया कि इस क्षेत्र में 769



नए आवासों की स्वीकृति के सापेक्ष आज भूमि पूजन का कार्यक्रम किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जी द्वारा प्रियंका, भूल्लन, सरिता, गुड्डी, निर्मला, पुष्पा, संगीता, श्रीमती, रेनु, लक्ष्मी के आवासों का भूमि पूजन किया गया एवं स्वीकृति पत्र वितरण किया गया तथा विकसित भारत संकल्प यात्राह्ल के अन्तर्गत भूमि पूजन एवं स्वीकृति पत्र वितरण का कार्यक्रम मुख्य अतिथि महोदया सांसद फूलपुर श्रीमती केसरी देवी पटेल जी एवं विधायक प्रवीण पटेल जी की गरिमामयी उपस्थिति में झूँसी, छटनाग में किया गया। कार्यक्रम में अतिथि महोदय द्वारा लाभार्थियों को संबोधित करते हुए बताया गया कि पीएम आवास योजना (शहरी) लाभार्थियों को निशुल्क में घर दिया जा रहा है। केंद्र व प्रदेश सरकार समाज के हर तबके के लिए कार्य कर रही है। उनके जीवन को सुगम बनाने के लिए कई योजनाएं चला रही हैं। पीएम मोदी का सपना है कि हर व्यक्ति के पास अपना घर हो। हर व्यक्ति की भी यही कामना होती है कि उसके पास अपना घर, उसमें बिजली पानी, रसोई गैस, राशन कार्ड, स्वास्थ्य बीमा आदि की सुविधा हो। आजादी के बाद पहली बार डबल इंजन की सरकार ऐसी सभी योजनाओं का लाभ दे रही है। संवाद के दौरान लाभार्थियों ने आवास मिलने पर खुशी जाहिर कर पीएम नरेंद्र मोदी को शुक्रिया कहा।पीएम आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत ऐसे लाभार्थियों को आवास दिए जाने का प्राविधान है, जिसके पास अपना स्वयं का पक्का मकान न हो। इस योजना के तहत कुल 2.50 लाख रुपये अनुदान के रूप में दिया जाता है।इसी कड़ी में लाभार्थियों को बताया गया कि इस क्षेत्र में 512 नए आवासों की स्वीकृति के सापेक्ष आज भूमि पूजन का कार्यक्रम किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जी द्वारा अर्चना, सुधा, शशि, बुधराम, सविता, शोभा देवी, मीना, रुमा, रीता देवी, रेखा, सीता, मीना देवी के आवासों का भूमि पूजन किया गया एवं स्वीकृति पत्र वितरण किया गया।

उक्त कार्यक्रम में पार्षद श्रीमती तारदेवी जी और शिव नारायण यादव जी के साथ राजन शुक्ला कार्यालय मंत्री, दीनानाथ कुशवाहा मण्डल अध्यक्ष, रॉबिन साहू जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा, अमर सिंह, अरविंद राय, अपर नगर आयुक्त, नगर निगम, श्रीमती वर्तिका सिंह ,परियोजना अधिकारी, डूडा, शहर मिशन प्रबंधक, सीएलटीसी, सामुदायिक आयोजक, डूडा टीम एवं योजनाओं के लाभार्थी व अन्य लोग उपस्थिति रहें।

# डांडी में पेट्रोल भराने को लेकर विवाद पंप पर तोड़फोड़

## पहले भी हो चुकी है घटनाएं डांडी स्थित जिस पेट्रोल पंप पर मारपीट और तोड़फोड़ की घटना हुई है

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी डांडी स्थित पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने के विवाद के बाद बीती रात कुछ दबंगों ने पेट्रोल पंप पर जमकर बवाल काटा। टंकी के बाद विवाद हो गया था। मामले में उस वक्त समझाबुझाकर शान्त कराया गया था। आधी रात दर्जन भर लोगों ने पेट्रोल पंप पर पहुंच कर पहले मारपीट किया और फिर वहां खड़े वाहनों और टंकी पर



पर मारपीट के साथ तोड़फोड़ की गयी। आरोप है कि सेलसमैन से नकदी भी लूट ले गये। घटना बीती शुक्रवार रात की है। मामले में मालिक ने तहरीर नैनी कोतवाली में दी है। जानकारी के मुताबिक प्रयागराज शहर के रहने वाले इशरत हुसैन पुत्र मशर्रत हुसैन का डांडी के समीप हाइवे पर पेट्रोल पंप है। उनका कहना है कि शुक्रवार की दोपहर में कुछ लोग पेट्रोल भराने के लिए आये हुए थे। जहां कहासुनी तोड़फोड़ शुरू कर दी। घटना के बाद सेल्समैन के पास रहे नकदी पांच हजार रुपये लूट ले गये। पंप के मालिक इशरत हुसैन ने बताया कि सेल्समैन सोनू खान के अलावा रमेश यादव, रमेश भारतीय, नवनेश भारतीय, निजामुद्दीन खान, आलिम खान, मनीष को पीटा गया गया है। जिस वक्त घटना हुई वह बनारस में थे। फोन पर जानकारी मिलने बाद वह पहुंचे और पूरी घटना की जानकारी कर नैनी पुलिस को अज्ञात हमलावरों के खिलाफ तहरीर दी है।

# प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ

## शिक्षक बनना समाज में सबसे पुण्य का कार्यः डॉ, कामाक्षी सिंह





अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** बीकापुर, ठाकुर राम प्रताप सिंह बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज, बीकापुर, प्रयागराज में नेहरू ग्राम भारती मनित विश्वविद्यालय, प्रयागराज के शिक्षक शिक्षा विभाग द्वारा बी. एड. एवं एम. एड. के प्रशिक्षणर्थियों का पिछले एक माह से चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ।

उक्त बातें कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कॉलेज के प्रबंधक हरी नारायण सिंह ने अपने उद्बोधन में कहीं, उन्होने कहा कि आज के समय में ग्रामीण परिवेश में विशेषकर महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के अपने ध्येय में नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय खरा उतर रहा है। यह हम सभी के लिए अच्छी बात है। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. कामाक्षी सिंह ने कहा कि हमारे लिए यह प्रशिक्षण कार्य इस तरह से सुखद अनुभूति दिलाता है जैसे प्रतिवर्ष माघ माह में संगम के किनारे माह भर कल्पवास का आयोजन होता है। शिक्षक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ किरण सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में बालिकाओं को शिक्षित करना हम सभी की मुख्य जिम्मेदारी है, बालिकाओं को शिक्षित करने से समाज अपने आप शिक्षित हो जाएगा। इस अवसर पर ठाकुर राम प्रताप सिंह बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज के सभी अध्यापक अध्यापिकाओं के साथ साथ नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय के शिक्षक शिक्षा विभाग के समस्त प्राध्यापकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रशिक्षण कार्यक्रम मे प्रशिक्षणर्थियों को डॉ. श्रवण कुमार मिश्र, डॉ. विधु शेखर पांडे एवं डॉ. अनुपमा सिंह का दिशा निर्देशन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर पिछले माह भर से प्रशिक्षणर्थियों द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं जिसमें मेहंदी प्रतियोगिता, कला प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता एवं खेल से संबंधित आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किए छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया एवं उनका उत्साहवर्धन भी हुआ। इस अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर बी. एड. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर तथा एम. एड. तृतीय सेमेस्टर के प्रशिक्षणर्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

### आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए सरकार ने चलाई है अनेकों योजनाएंः डा संगम मिश्र

**मेजा।** केंद्र की मोदी सरकार ही एक मात्र ऐसी सरकार है जो गरीबों और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की मदद के लिए अनेकों जन कल्याणकारी योजनाओं को संचालित किया है। उक्त बातें वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी डॉ संगम मिश्र ने शनिवार को कुर्की कला सोरांव जफरा मसौली एवं कठौली गांव का में व्यापक जनसंपर्क करने के दौरान लोगों को संबोधित करते हुये कही। उल्लेखनीय है कि जनसंपर्क के दौरान भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार चर्चा करते हुए कहा कि उज्जवला योजना के तहत बड़ी संख्या में गरीब परिवारों को फ्री में गैस सिलेंडर बांटे गए हैं जिसका सबसे बड़ा फायदा उन गरीब परिवारों की महिलाओं को हुआ है जो धुएं में खाना बनाने को मजबूर थीं। श्री मिश्र ने आगे कहा कि मोदी सरकार ही एक मात्र ऐसी सरकार है जो गरीबों और वंचितों के लिए अनेकों योजनाएं लागू किया है। जन धन योजना पी एम आवास योजना आयुष्मान भारत किसान सम्मान निधि तथा उज्जवला सहित कई अन्य ऐसी योजनाएं संचालित हैं।

# नैनी में शुआट्स कॉलेज में परीक्षा स्थगित छात्रों ने किया तोड़फोड़

## एक दिन पहले परीक्षा स्थगित फिर दोबारा आदेश किया जारी

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी शुआट्स कॉलेज में छात्र अपनी परीक्षा को लेकर बवाल किया छात्रों ने किया तोड़फोड़। कॉलेज प्रबंधन ने शुक्रवार को 15 जनवरी तक अवकाश घोषित करते हुए नोटिस जारी कर दिया। इसकी जानकारी विवि कि वेबसाइट पर भी जानकारी दी गई। वहीं 11 दिसंबर से शुरू होने वाली सेमेस्टर की परीक्षा को निरस्त कर दिया। वहीं अचानक से दोबारा परीक्षा की तिथि घोषित करने के बाद छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा और शनिवार कि देर शाम छात्रों दी कालेज कैम्पस में जमकर बवाल करते हुए तोड़फोड़ और आगजनी कर दिया। सूचना नैनी पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंची फोर्स ने छात्रों को खदेड़ा तो सभी छात्र मौके से भाग निकले।





मामले में कालेज प्रबंधन ने पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के मुताबिक नैनी सैम हिग्गिनबाटम कृषि प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) कॉलेज में पिछले कई महीने से कर्मचारी अपनी दस महीने कि वेतन को लेकर बवाल कर रहे है। जिनकी सुनवाई नहीं हो रही है। वहीं शनिवार की रात शाम कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों ने अपनी परीक्षा तिथि को लेकर बवाल करना शुरू कर दिया। छात्रों ने परीक्षा निरस्त किये जाने के बाद दोबारा 15 जनवरी को कराने का आदेश जारी किया था। बाद में 13 जनवरी को होने का आदेश जारी कर दिया। फिर 8 जनवरी को होने का आदेश जारी कर दिया। उसके बाद जिसके बाद बौखलाये छात्रों ने देर शाम कालेज कैंपस में रजिस्ट्रार ऑफिस के सामने बवाल करना शुरू कर दिया। छात्रों ने कालेज में कुर्सियां तोड़ने के साथ आगजनी कर दिया। कालेज मे लगी लाइटों तो तोड़कर अंधेरा कर दिया। छात्रों का बवाल काफी देर तक चलता रहा। कॉलेज प्रबंधन ने सूचना नैनी पुलिस को दी तो मौके पर पहुंची पुलिस ने पहुंचकर छात्रों को खदेड लिया। जिसके बाद सभी छात्र भाग निकले। कालेज प्रबंधन के उपद्रवी छात्रों के खिलाफ तहरीर दी है। फिलहाल पुलिस छात्रों की तलाश कर रही है। वही छात्रों का कहना था कि पहले परीक्षा अनिश्चित कालीन के लिए निरस्त किया गया और फिर अचानक से तिथि घोषित कर दी गई। हलाकि मामले में 8 जनवरी को परीक्षा कराये जाने की बात पर छात्र शांत हो गये।

# श्रीराम कथा श्रवण को उमड़ रही श्रोताओं की भीड़

## अभिमन्यु शाखा पार्क में सेवा भारती प्रयागराज विभाग की ओर से आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा का पांचवा दिन

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी अभिमन्यु शाखा पार्क में सेवा भारती प्रयागराज विभाग की ओर से आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के पंचम दिवस की कथा में शांतनु जी महाराज ने अयोध्या कांड की पावन मांगलिक प्रारंभिक चौपाइयों के गायन के साथ प्रारंभ किया। महाराज जी ने बताया कि एक माह बाद जनकपुर से लौटकर श्री धाम अयोध्या आए और अयोध्या की स्थिति एकदम परिवर्तित हो चुकी है। रिद्धि सिद्धि समृद्धि की बाढ़ आ गई।

राज्यसभा जा बैठी तो महाराज ने भरी सभा में शीशा देखा। महाराज श्री ने शीशा देखने के तात्पर्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि सही व्यक्ति







का गुरु भी है दुश्मन भी है इसलिए शीशा जरूर देखना चाहिए। स्वयं के देखने से गुरु का काम करता है यदि दूसरा दिखाएं तो दुश्मन का काम करता है। शीशा देखने का अर्थ आत्मावलोकन, आत्मचिंतन, आत्मदर्शन, आत्म संवाद से है। वरदान मांगा इस बात को महाराज दशरथ बर्दाश्त नहीं कर पाया बहुत उलाहना भी दी है विनती भी की। लेकिन कैकेई ने एक नहीं सुना। इसी कारण से कुसंग से बचना ही चाहिए भगवान को वनवास की सूचना प्राप्त हुई और मां कौशल्या से आशीर्वाद लेकर चले।

राष्ट्र संघ में कहा इस देश की माताओं की छाती में वह शक्ति, क्षमता, पराक्रम, सहनशीलता है जो इस देश की धर्म संस्कृति परंपराओं को जीवित रखी है। कौशल्या माने एक प्रकार से पारिवारिक एकता का संकेत किया है कि मां के प्रति भगवान राम को भड़काया नहीं अपितु मां का दर्जा दिया है और मां और पिता यदि दोनों की आज्ञा तो तुझे जाना चाहिए लक्ष्मण जी को बहुत समझाने के बाद भी लक्ष्मण जी जब नहीं माने तो लक्ष्मण भगवान और जान की तीनों वन के लिए चले। यह है रघुवंश का भ्रातृ प्रेम जिस कारण से आज भी हम सब ऐसे भाइयों को याद करके आनंदित होते हैं। कथा में पांचवे दिन के यजमान शैलेंद्र बहादुर सिंह एवं नरेंद्र मिश्र सपत्नीक रहे।

इस अवसर पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश विक्रम सिंह चौहान, संत रमा दीदी, भाग संचालक दशरथ, बौद्धिक विभाग प्रमुख अजय, सेवा भारती प्रयागराज विभाग प्रमुख सुजीत सिंह, समाजसेवी सुधीर शर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष अरवल बिहार, मंटू सिंह, विनय सिंह, मोनू सिंह, बंटी बाबू बिहार, राजेश साहू, टुनटुन पांडे, गुरुप्रकश राव, रामेश्वर प्रसाद शाही सहित बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

# लटकती मौत जिम्मेदार बेखबर किसी भी समय हो सकता है बड़ा हादसा

## मांडा मुख्य मार्ग पर महज पांच फीट की ऊंचाई पर लटक रहा है विद्युत तार

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** मेजा -मांडा मुख्य मार्ग पर ग्राम जमुआ के सभैती मौजा में बिजली का तार महज 5 फीट की ऊंचाई पर लटक रहा है,जिससे हमेशा हादसे का अंदेशा बना रहता है।इस लटकते तार में इंसान और जानवर कभी भी फंस कर दुर्घटना के शिकार हो सकते हैं।गत एक साल से क्षेत्र में विद्युत नवीनीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है।इसी क्रम में गत वर्ष विद्युत नवीन करण के तहत पुराने तार को निकाल कर नए वेदर के तार लगाए गए,लेकिन पोल मानक दूरी पर न लगाए जाने



और तार को बिना टाइट किए ही छोड़ दिए जाने से तार जमीन से महज 5 फीट की ऊंचाई पर है।स्थानीय लोगों ने तत्कालीन ठेकेदार से एक अतिरिक्त पोल लगाने और तार को टाइट करने के लिए कहा,लेकिन आज कल करते वह अपना काम पूरा कर इसे अधूरा छोड़ कर चला गया।वर्तमान समय में भी विद्युत नवीनीकरण का काम जारी है।फिर भी इस लटकते तार की अनदेखी की जा रही है। इस मामले में जब विद्युत उपकेंद्र मेजा के अवर अभियंता आशीष कुमार से बात की तो उन्होंने कहा कि इसकी जानकारी है। तत्कालीन ठेकेदार की लापरवाही की बदौलत यहां पोल नहीं लगाया गया। वर्तमान में काम चल रहा है। जल्द ही एक पोल लगवा दिया जायेगा।

### सरकारी विद्यालय के जमीन में हो रहे अवैध अतिक्रमण

**मांडा।** उच्च प्राथमिक विद्यालय मांडा खास की जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे को लेकर स्कूल प्रधानाचार्य होरी लाल व अनुदेशक अवधेश शुक्ल ने मांडा थाना में लिखित सूचना देकर बताया कि मांडा खास निवासी लक्ष्मण पुत्र स्व राजनारायण विद्यालय के छड़दीवारी को क्षति ग्रस्त करके विद्यालय के छात्र-छात्राओं का आवागमन को बाधित कर रहे है और विद्यालय के जमीन से सटाकर अपने मकान का निर्माण कर रहे है। उपरोक्त स्कूल की जमीन पर हो रहे कब्जों की लिखित में कई बार शिकायतें की। लेकिन अभी तक समस्या जस की तस बनी हुई है। निस्तारण न होने पर शिक्षण कार्य को हम सभी शिक्षकगण बहिष्कार करेंगे।

# पांच किमी क्रॉस कंट्री में दर्जनों खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

## तीन दिवसीय सांसद खेल स्पर्धा का हुआ आगाज, सांसद केसरी देवी पटेल ने झंडी दिखाकर खेल की शुरूआत की

अखंड भारत संदेश

**हनुमानगंज।** बहादुरपुर ब्लॉक में तीन दिवसीय सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन गांधी इंटर कॉलेज पटेल नगर, झूंसी के खेल मैदान में शनिवार को प्रारंभ किया गया। प्रतियोगिता के पहले दिन दर्जनों खिलाड़ियों ने क्रॉस कंट्री में दमखम दिखाया।

सांसद केसरी देवी पटेल, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, गंगापार भाजपा जिलाध्यक्ष कविता पटेल, पूर्व विधायक दीपक पटेल ने खेल स्पर्धा का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। सांसद केसरी देवी पटेल ने कहा खेल का मैदान सद्भाव और समरसता का स्थल होता है, जहां बिना भेदभाव किया सभी खिलाड़ी प्रतियोगिता में प्रतिभा कर अपनी प्रतिभा को दिखाते हैं। खेल में कैरियर की अपार संभावनाएं होती हैं। खिलाड़ियों को लक्ष्य तयकर पूरे समर्पण से अपनी क्षमता का प्रदर्शन करना चाहिए। असफलता में ही सफलता छिपी होती है। इसलिए खिलाड़ियों को



हार से निराश नही होना चाहिए।

बहादुरपुर, फूलपुर, सहसों एवं बहरिया ब्लॉक से 104 खिलाड़ियों को सांसद ने हरी झंडी दिखाकर क्रास कंट्री की शुरूआत की।

खेलकूद प्रभारी अमर सिंह, सर्वेश कुमार सिंह ने बताया पांच किलोमीटर क्रास कंट्री में बालक वर्ग में करन कुमार निषाद, दूधनाथ, अर्पित तथा बालिका वर्ग में कविता, कोमल निषाद, मानसी को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेता घोषित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एडीओ कोऑपरेटिव आलोक त्रिपाठी ने किया। इस दौरान एडीओ पंचायत रवि मौर्या, एडीओ आईएसबी शंभू नाथ यादव, वीडीओ पंकज सिंह, प्रधानाचार्य जयप्रकाश वर्मा, भाजपा गंगापार पूर्व जिलाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नवीन सिंह, रतन राज सिंह, बसंत लाल, सत्य तिवारी, अनीता सिंह, राकेश सिंह, सुरेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# राज्यसभा सांसद के पास से बरामद धनराशि पर भाजपा ने किया प्रदर्शन

## कड़ी कार्यवाही करने के लिये सांसद सहित भाजपा नेताओं ने दिया ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** झारखण्ड में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू से जुड़े व्यापरिक समूह के ठिकानों पर झारखांड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में 06 दिसंबर, बुधवार से हो रही आयकर विभाग की छापेमारी में अब तक 200 करोड़ रुपये से अधिक बरामद होने पर भाजपा ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जिला कचहरी में विरोध प्रदर्शन जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव की अगुवाई में किया गया। इस दौरान जिला कचहरी में अधिकारी को ज्ञापन दिया गया।

इस प्रदर्शन में मुख्य रूप से सांसद प्रतापगढ़ संगम लाल गुप्ता, सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य, पूर्व विधायक धीरज ओझा, पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत प्रमोद मौर्या उपस्थित रहे। संचालन जिला महामंत्री पवन गौतम ने किया। कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुये सांसद संगम लाल गुप्ता ने कहा कि एक तरफ घमंडिया गठबंधन है जहां भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी, लूट-खसोट और दलाली की गारंटी है और दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने की गारंटी है। सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य ने कहा कि अब तो कांग्रेसी सबक ले उनकी तीन प्रदेश में करारी हार हुई जो कि भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी हुई थी। पूर्व विधायक धीरज ओझा ने विपक्षी पार्टी पर तंज कसते हुये कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ भाषण देने वाले नेताओं की असली सच्चाई बताई है। जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों से बरामद अथाह नकदी राशि की गिनती अभी जारी है और अभी तक करीब 300 करोड़ रुपए की गिनती हो चुकी है। इस दौरान अशोक मिश्रा ने आये हुये सभी कार्यकर्ता को धन्यवाद दिया। विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से प्रतिभा सिंह क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष महिला मोर्चा राघवेन्द्र शुक्ला, अरूण मौर्या, रामआसरे पाल, विजय मिश्रा, भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष रूचि केसरवानी, मीडिया प्रभारी सारिका श्रीवास्तव, प्रतिभा सिंह, यशोदा, पंकज मिश्रा, अर्पित, साधू दूबे, ओम प्रकाश गुड्डू, अविनाश सिंह अशोक पाण्डेय, विनोद कुमार सिंह, धीरज सिंह सभासद, जगत पासी, शिवांगू सोनकर, सुनील दूबे सभासद सहित सैकडों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



जिला कचहरी में अधिकारी को ज्ञापन देते सांसद व विधायक।

## आरओबी का भूमि पूजन करने आज आएंगे रेल राज्य मंत्री

**प्रतापगढ़।** जिले के प्रतीक्षित रेलवे ओवरब्रिज संख्या 81 बी भंगवा की चुंगी से नया माल गोदाम रोड के भूमि पूजन का कार्यक्रम विगत अक्टूबर माह में आकस्मिक कारणों से स्थगित हो जाने पर सांसद प्रतापगढ़ एवं राष्ट्रीय महामंत्री ओबीसी मोर्चा संगम लाल गुप्ता ने सांसद सत्र के दौरान पुनः प्रतापगढ़ आने का अनुरोध किया। सांसद के अनुरोध के क्रम में रेल राज्य मंत्री राव दानवे पाटिल ने 10 दिसंबर को पूर्वान्ह 11:00 बजे दिन में अपना कार्यक्रम निर्धारित किया है। रेल राज्य मंत्री द्वारा आरओबी 81 बी के भूमि पूजन के साथ-साथ प्रतापगढ़ जंक्शन, अंतू एवं विश्वनाथगंज रेलवे स्टेशनों के परिवर्तित हुए नाम के संबंध में औपचारिक घोषणा भी करने के साथ ही चिलबिला, मां चण्डिका धाम अंतू, जगेश्वरगंज रेलवे स्टेशन के हुए रेनोवेशन के कार्यों का उद्घाटन एवं अन्य कई स्टेशनों के रेनोवेशन कार्यों तथा कुछ महत्वपूर्ण कार्यों का भूमि पूजन व शिलान्यास भी करेंगे।

# प्रमोद तिवारी व मोना ने दिलाया विकास में तेजी का भरोसा, जनसमस्याओं की भी किया सुनवाइ

अखंड भारत संदेश



सांगीपुर क्षेत्र में लोगों से मुलाकात करते राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी।

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना शनिवार को नगर स्थित कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की सुनवाई की। सांसद प्रमोद तिवारी तथा विधाायक आराधना मिश्रा ने समस्याओं को सुनते हुए इन्हें निस्तारित कराए जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों से फोनिक वार्ता की। वहीं विधायक मोना तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कार्यकताओं से भी मुलाकात कर संगठनात्मक गतिविधियों का जायजा लिया।

सांसद प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना मिश्रा ने कैम्प कार्यालय पर जुटे कार्यकताओं के साथ पार्टी के शीर्ष नेतृत्व सोनिया गांधी के जन्मदिन पर सतत विकास एवं सतत जनसेवा का संकल्प भी जताया। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के सुख दुख में भागीदारी रखते हुए अन्याय और अत्याचार का डटकर मुकाबला करती रहेगी। वहीं कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि कांग्रेस विचारधारा की लड़ाई को जारी रखते हुए भाजपा के झूठ और जनता के साथ वायदाखिलाफी का भी पदार्फाश करने में पूरी ताकत से अपने संघर्षो को जारी रखेगी। सांसद प्रमोद तिवारी ने क्षेत्र के ननौती, उपाध्यायपुर, राजमतीपुर, कटेहटी, पूरे नरायनदास, सराय सेतन में लोगों से मुलाकात कर विकास योजनाओं के संचालन में सहयोग मांगा। वहीं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने अझारा, आनन्द नगर, नेताजीपुरम पहुंचकर क्षेत्र में खुद के द्वारा संचालित कराए जा रहे विकास कार्यो की गुणवत्ता एवं प्रगति को जांचा परखा। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, लालगंज प्रमुख अमित सिंह पंकज, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, आशीष उपाध्याय, भुवनेश्वर शुक्ल, पवन शुक्ला, छोटे लाल सरोज, रोहित शुक्ला, पप्पू तिवारी, मुरलीधर तिवारी, सभासद हरिशंकर, फक्कड़ पाण्डेय, रिंकू सिंह परिहार, महेन्द्र सिंह, बेलाल रहमानी आदि रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में तीन सौ छियालिस वादों का हुआ निस्तारण, वसूला गया जुमार्ना

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय दीवानी न्यायालय में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत में तीन सौ छियालिस वादों का निस्तारण कराया गया। वहीं कोर्ट ने विभिन्न वादों में इक्कीस हजार आठ सौ साठ रुपए वसूल किये। सिविल जज अरविन्द सिंह ने वादों का निस्तारण कराते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का उददेश्य जनता को त्वरित एवं सुलभ न्याय समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराना है। उन्होनें वादों के निस्तारण कराए जाने में अधिवक्ताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उनके योगदान को सराहा। इस मौके पर संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चतुवेर्दी, ज्ञानप्रकाश शुक्ला, रमेश पाण्डेय, शहजाद अंसारी, जितेन्द्र सिंह, पवन पाण्डेय आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## रुरल बाल एसोसिएशन ने संगठन का किया विस्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** ऑल इंडिया रुरल बार एसोसिएशन ने जिले में संगठन का विस्तार करते हुए तीन तहसील अध्यक्षों का मनोनयन किया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल के निर्देश व प्रदेश अध्यक्ष मुक्तेश्वर नाथ उर्फ मुक्कू ओझा की संस्तुति पर जिला अध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा ने रवि सिंह एडवोकेट को पट्टी तहसील ईकाई व वैभव पाण्डेय कुण्डा तहसील ईकाई व सुमित त्रिपाठी को लालगंज तहसील ईकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया है। तहसील अध्यक्षों का मनोनयन करते हुए जिला अध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा ने आशा व्यक्त किया है कि उपरोक्त मनोनीत पदाधिकारी अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वाहन करते हुए संगठन को गति देने का कार्य करेंगे। इसी के साथ मनोनीत तहसील अध्यक्षों को निर्देशित किया है कि अपने अपने तहसीलों में संगठन का विस्तार एक माह के भीतर करके जिला कार्यालय पर सूची भेज कर अवगत कराये।

## खुले गड्डे को जल निगम ने लीकेज सही कराकर किया बन्द

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** परियावां लवाना मार्ग के अंतर्गत पाईकगंज बाजार मे विगत चार दिनों से जल निगम के कर्मचारियों द्वारा पानी सीवर पाइप लाइन का लीकेज पानी को बंद करने के लिए खोद कर खुला गड्ढा छोड़ दिया था जो शाकिट न होने के कारण गड्ढा खुदा हुआ पड़ा था सीवर पाइप लाइन का शाकिट न होने से गड्ढा को बन्द नही किया गया। सड़क किनारे खुले गड्डे को छोड़ देने से बाजार मे आवागमन बाधित हो रहा है जिससे वाहनों का दोनो तरफ आने जाने पर जाम लग जाता है रात मे स्पीड से चलने वाले दो व चार पहिया के वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो सकते है पानी की पाइप लाइन के लीकेज होने से पानी की सप्लाई बाधित है, जिसकी खबर प्रकाशित होने पर विभाग के कर्मचारियों ने आनन फानन मे पानी पाइप लाइन के लीकेज को बन्द करने के लिए शाकिट लगाया और गड्डे को बन्द किया जिससे वाहन चालकों को राहत मिली।

## कम्बल पाकर खिले जरूरतमन्दों के चेहरे, समाजसेवी ने वितरित किया कम्बल

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। दुर्गा चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में रमईपुर दिशिनी प्राथमिक विद्यालय पर 1000 निराश्रित, गरीब, असहाय, बेसहारा, जरूरतमन्दों को कम्बल वितरित किया गया, कम्बल पाकर जंहा उनके चेहरे पर मुस्कान बिखर आई वही दिल की गहराइयों से धन्यवाद दिया। पट्टी क्षेत्र के समाजसेवी संजय मिश्रा हर वर्ष ठंड से बचने के लिए पट्टी क्षेत्र में कम्बल का वितरण करते है। शुक्रवार को उन्होंने क्षेत्र के रमईपुर दिशिनी प्राथमिक विद्यालय पर दुर्गा चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में कम्बल वितरण का आयोजन किया जिसमें क्षेत्र के सेवापट्टी, रामपुर खागल, देनवा, दुबौली, रमईपुर दिशिनी, शरमा, समोगरा, पहरा मुरारपट्टी, दाउदपुर, बाभनपुर, सराय मधई, सराय छिवलहा, आमी सराय पूरे बसन, मझौली सहित लगभग 40 गांव के जरूरतमंद लोग आये और कम्बल पाकर उनके चेहरे पर मुस्कान बिखर आई। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मूलचंद्र मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पृथ्वीगंज बाजार के चैकी प्रभारी हरिमोहन राजपूत ने किया, विशिष्ट अतिथि इंद्रधर दूबे, (छोटे दूबे) ग्राम प्रधान रमईपुर दिशिनी जी मौजूद रहे। कार्यक्रम में पट्टी तहसील क्षेत्र के कई पत्रकारों का अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुमित शर्मा, प्रवीण मिश्रा, विनय मधुकर, अंकित मिश्रा, सत्यम दूबे, साधू ओझा, अमरीश ओझा, मनीष मिश्रा, सतीश ओझा, चंद्रदेव मिश्रा, कोटेश्वर दूबे, विजय गिरी, विजय शुक्ला, अच्छेलाल मिश्रा, सुनील गौतम, दीपक मिश्रा, रोहित पांडे, राजन मिश्रा, कृष्णधर दूबे सहित हजारों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन छोटेलाल दूबे ने किया।

# बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं: जिलाधिकारी

## डीएम ने पल्स पोलियो अभियान की महारैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला महिला अस्पताल से पल्स पोलियो अभियान के जागरूकता के संबंध में एक महारैली को जिलाधिकारी संजीव रंजन हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का उद्घाटन जिलाधिकारी ने रिबन काटकर एवं तिरंगा बैलून उड़ा कर किया। यह रैली जिला महिला अस्पताल से होते हुए चैक, पंजाबी मार्केट और फिर वापस अस्पताल में समाप्त हुई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 जीएम शुक्ला ने बताया कि दिनांक 10 दिसंबर 2023 को जनपद में पोलियो उन्मूलन के लिए दवाएं अस्पताल एवं अन्य स्थान पर पिलाई जायेंगी। जिलाधिकारी ने सभी अभिभावकों से अपील किया है की बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं। उन्होंने स्वाथ्य कर्मचारियों को पूरी सजगता के साथ दायित्वों को पूरा करने का निर्देश दिया है। रैली में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एवं लोगों में जागरुकता पैदा करने के लिए विशेष अपील की गई। रैली में बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, रोटरी क्लब, व्यापार मंडल एवं लायंस क्लब के पदाधिकारी ,अधिकारी कर्मचारी एवं विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह सहित डॉक्टर विंध्याचल सिंह, डॉ ए एन राय, डॉ मोहम्मद अनीस, राजशेखर, आकाशदीप शुक्ला, डॉक्टर सुष्मिता, वकील अहमद, महेश, चंद्रचूड़, शरद केसरवानी, प्रतिमा मिश्रा, सरिता देवी उमेरा बानो, सूफिया बेगम, अमित श्रीवास्तव, मोहम्मद सलमान, आनंद, जोसेफ, राजेंद्र शुक्ला, जफरुद्दीन, अर्पित खंडेलवाल एवं शहर के अन्य गणमान्य व्यक्ति आदि रहे।




महारैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते जिलाधिकारी संजीव रंजन

## पोलियो जागरूकता पर निकाली गयी रैली

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पल्स पोलियों प्रतिरक्षण अभियान को लेकर शनिवार को नगर में जागरूकता रैली निकाली गयी। स्वास्थ्यकर्मियों व नगर पंचायत के सभासदों तथा पंचायत प्रतिनिधियों के साथ निकाली गयी रैली में लोगों को पोलियों को लेकर सावधानी बरतनें की जागरूकता दी गयी। रैली की अगुवाई करते हुए चिकित्साधीक्षक डा. अरविन्द गुप्ता ने कहा कि भारत देश पोलियो से मुक्त हो चुका है फिर भी कुछ देशों में पोलियो से जुड़े केस मिलने के कारण सावधानी व जागरूकता जरूरी है। रैली में शामिल स्वास्थ्यकर्मी पोलियो जागरूकता का अपने हाथों में स्लोगन लिए दिखे। रैली सीएचसी गेट से प्रारम्भ होकर नगर के चैक होते हुए कालाकांकर रोड तथा घुइसरनाथ रोड पर भी निकली दिखी। इस मौके पर देवकुमार दुबे, रंजन जायसवाल, महेन्द्र सिंह, बृजेश पाण्डेय आदि रहे।

# समर्पण भाव से ईश्वर का स्मरण करने से कष्टों से मिलती है मुक्ति

## पूरे वैरीशाल गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** संडवा चंद्रिका क्षेत्र के पूरे वैरीशाल गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में आचार्य गिरीश चंद्र मिश्र ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा लोक कल्याणकारी है एवं मुक्ति का सुगम मार्ग है। इसे सुनने मात्र से मनुष्य जन्म-मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है और उसे परम धाम की प्राप्ति होती है।

उन्होंने कहा कि मनुष्य जन्म के उपरांत कर्मों के अनुसार विभिन्न योनियों में भटकता रहता है किंतु श्रीमद् भागवत कथा सुनने से वह जन्म-मृत्यु रूपी आवागमन के बंधन से मुक्त हो जाता है। शिक्षक केशव प्रसाद मिश्र के संयोजन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास आचार्य जी ने कहा कि सभी विकारों की दवा ईश्वर का भजन है, जो प्रेम एवं समर्पण भाव से ईश्वर का स्मरण करता है उसे दैहिक, दैविक और भौतिक तीनों ही प्रकार के कष्टों से मुक्ति मिल जाती है। यह कथा मनुष्य को सत्कर्म करने की ओर प्रेरित करती है एवं कर्तव्य बोध कराती है जिससे व्यक्ति मानवीय मूल्यों के साथ ही आध्यात्मिक एवं सामाजिक मूल्यों को न केवल जीवंत रखना है अपितु उसमें अनवरत वृद्धि करता रहता है। आचार्य ने कहा कि पृथ्वी पर जब-जब धर्म की हानि होती है और अधर्म बढ़ता है तब-तब भगवान मनुष्य रूप में पृथ्वी पर अवतार लेकर राक्षसों एवं दुष्टों का विनाश करते हैं। श्री कृष्ण की लीलाओं का वर्णन करते हुए आचार्य ने कहा कि श्री कृष्ण नारायण होते हुए भी मनुष्य के रूप में सारी लीलाएं किये। उन्होंने पूतना, बकासुर, अघासुर, कागासुर एवं कंस जैसे आततायियों का वध कर पृथ्वी पर धर्म की रक्षा की। कथा सुनने वालों में डॉ राजेंद्र प्रसाद मिश्र, डॉ छवि नारायण पांडे, डॉ बलराज मिश्र, रमेश मिश्र, प्रमोद मिश्र, अनिल, राजेंद्र सिंह, अंजनी सिंह, बबई मिश्रा आदि उपस्थित रहे।



श्रीमद् भागवत कथा सुनते श्रद्धालुगण।

## युवक ने लगायी फांसी, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। लालगंज कोतवाली के इदिलपुर गांव में स्व. रामफेर का पुत्र जुगनू 25 बीती शुक्रवार की रात अपने कमरे में गया। इसके बाद उसने रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक युवक मुम्बई में वाचमैन था। काफी देर बाद युवक के परिजन उसे न देख सके तो दरवाजा खटखटाया। कमरे से कोई आवाज न सुनकर परिजन परेशान हो उठे। परिजनों व ग्रामीणों की मदद से कमरे का दरवाजा तोडा गया तब युवक को रस्सी के फंदे से लटका देख परिजनों की चीख निकल पड़ी। शनिवार को प्रधान की मौजूदगी में पंचायतनामा किया गया। इसके बाद मृतक युवक का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# शिक्षा के बगैर एक अच्छे समाज का निर्माण संभव नहीं: सुरेंद्र कुमार

## सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया पंडित रामराज शुक्ला का जन्म दिवस

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** समय चुनौतियों से भरा है, समय, समाज तथा परिवेश बदल रहा है। ऐसे में बगैर शिक्षा के हम एक अच्छे समाज का निर्माण नहीं कर सकते। आज का युग ज्ञान के विस्फोट का युग है, गूगल इंटरनेट तथा यूट्यूब के जरिए आप अपने कैरियर को मेहनत के साथ आगे ले जा सकते हैं। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं है। यह बातें अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक सुरेंद्र कुमार तिवारी ने रामराज इंटर कॉलेज में आयोजित स्वर्गीय पंडित रामराज शुक्ला के जन्मदिवस पर मनाए जा रहे सद्भावना समारोह में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किये।

अपर शिक्षा निदेशक सुरेंद्र कुमार तिवारी ने बच्चों को जीवन के टिप्स देते हुए आगे कहा कि हमारे जीवन का पहला लक्ष्य शिक्षा को अर्जित करना होना चाहिए, हाई स्कूल से इंटरमीडिएट तक में जो शिक्षा आप ग्रहण करते हैं वहीं शिक्षा आपको आगे जीवन में भी काम देती है। यदि आप बड़े सपने देखेंगे और पूरी मेहनत व लगन से आगे बढ़ेंगे तो सफलता आपके करीब होगी। समय का सदुपयोग करें तथा लक्ष्य को निर्धारित करते हुए आगे बढ़े। पहले से अब के समय में काफी परिवर्तन है आज शिक्षकों को उपस्थित रखने के लिए शासन को बायोमेट्रिक एवं फेस रीडर से उपस्थिति दर्ज करवानी पड़ रही है। जबकि पूर्व के समय में शिक्षक स्वयं समय का ध्यान रखकर पठन-पाठन में पूरी रुचि रखते थे। अंत में उन्होंने सद्भावना दिवस के रूप में आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर पंडित रामराज शुक्ला एवं पंडित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय की स्मृतियां को ताजा किया और कहा कि मेरे पास आज भावनाओं के के अतिरिक्त शब्दों की कमी है। विद्यालय प्रबंधन को आमंत्रण के लिए उन्होंने धन्यवाद ज्ञापित किया।



रामराज इंटर कालेज में आयोजित समारोह में मौजूद अतिथिगण।

## बच्चों ने की मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां

उन्होंने विद्यालय के छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना भी की। विद्यालय के अध्यक्ष डॉ प्रशांत देव शुक्ला ने कहा कि 9 दिसंबर का दिन दो दशकों से प्रतापगढ़ के शिक्षा जगत के मालवीय कहे जाने वाले पंडित रामराज शुक्ला एवं पंडित मिश्रा दत्त की स्मृति में मनाया जाता है। छात्र जीवन निश्चिंत्ता का जीवन होता है, क्योंकि आगे चलकर जीवन में जिम्मेदारियां कभी पीछा नहीं छोड़ती। उन्होंने विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह ने भी पंडित रामराज शुक्ला की स्मृतियों को ताज किया तथा बच्चों से अपील किया कि वह अपने गुरुओं का सम्मान करेंगे तो सदा ही जीवन में प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक जायसवाल ने विद्यालय को एक इंटरलॉकिंग रोड तथा एक वाटर प्यूरीफायर मशीन भेंट करने की घोषणा की।कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश चंद्र मिश्र ने विद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की तथा कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों का स्वागत भाषण किया। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पंडित श्याम किशोर शुक्ल ने आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि शिक्षा की जो अलग जनपद में पंडित रामराज शुक्ला व मुनीश्वर दत्त ने जगाई थी वह निरंतर आगे बढ़ती रहेगी। कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष कांग्रेस लालजी त्रिपाठी पूर्व प्राचार्य श्याम शंकर मिश्रा, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ओपी त्रिपाठी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं द्वारा लोकगीत, देशभक्ति गीत ,नृत्य नाटिकाओं समेत तमाम रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिससे दर्शक भाव विभोर नजर आए। छात्रों ने अपनी प्रतिभा व कला के जरिया जरिए खूब तालियां बटोरी।इस मौके पर डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर अखिलेश पांडे,राम लौट यादव, जुग्गी लाल जायसवाल, रामाकर पांडे, महेंद्र शुक्ला, राकेश दुबे, कमलापति जायसवाल, समेत तमाम शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य व शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन श्याम कुमार श्याम ने किया।

## जूनियर हाईस्कूल में वाद विवाद प्रतियोगिता का हुआ समापन

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के अन्तगर्त शत्रुघ्न प्रसाद मौर्य स्मारक जूनियर हाईस्कूल पूरे धनऊ परियावां प्रतापगढ मे शनिवार को परिषद परिषद प्रयागराज द्वारा संचालित वाद विवाद प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग व हाईस्कूल/इंटरमीडिएट वर्ग के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतोयोगिता में जूनियर वर्ग मे आदर्श मौर्य, शिवांशी मौर्य, सुमित, शिवानी मौर्या, प्रियंका, प्रियांशी रहे। विद्यालय के प्रबंधक कुंवर बहादुर मौर्य,परीक्षक रामदत्त कुशवाहा ने छात्रों को मेडल, प्रमाण पत्र, एवम पुरस्कार देकर बच्चो को सम्मानित किया। निर्णायक विपिन मौर्य, शिवबाबू मौर्य, हरिश्चंद्र मौर्य प्रधानाध्यापक, सुखई राम, शिक्षक लक्ष्मी मौर्या, शिवम सरोज, विपिन मौर्य, सूफिया रामचंद्र मौर्य, अर्जुन मौर्य, अनिल मौर्य प्रधान, राजेश मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।



वाद विवाद प्रतियोगिता के प्रतिभागीगण।

## खबर संक्षेप

### अपर पुलिस अधीक्षक के हुए ट्रांसफर,अशोक कुमार वर्मा बनाए गए कौशाम्बी के नए एएसपी

**कौशाम्बी।** यूपी में शासन ने लोकसभा चुनाव के पूर्व बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया किया है,शासन ने लोकसभा चुनाव से पूर्व जिलों सहित अन्य स्थानों पर तीन साल से अधिक समय से तैनात रहे कई अपर पुलिस अधीक्षक सहित 42 अपर पुलिस अधीक्षक के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया है। शासन ने कौशाम्बी अपर पुलिस अधीक्षक रहे समर बहादुर को यूपीपीसीएल वाराणसी का अपर पुलिस अधीक्षक बनाया है,वही अपर पुलिस उपायुक्त प्रयागराज रहे अशोक कुमार वर्मा को अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बनाया है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में लाभार्थियों को वितरित किया प्रमाण-पत्र

**अध्यक्ष,जिला पंचायत ने ग्राम पंचायत-कोतारी पश्चिम तथा भाजपा जिलाध्यक्ष ने ग्राम पंचायत-जमाल मऊ में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा" कार्यक्रम में किया प्रतिभाग ग्राम पंचायत-जमाल मऊ,कोतारी पश्चिम,सुखदा,किशुनपुर अम्बारी,धरमपुर,नगरेहा कला,मलाक भायल,लहना,अरई सुमेरपुर, चिरारी,छेंकवा एवं पुनवार में आज आयोजित हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम**

**कौशाम्बी।** जनपद की ग्राम पंचायत-जमाल मऊ, कोतारी पश्चिम, सुखदा,किशुनपुर अम्बारी,धरमपुर, नगरेहा कला,मलाक भायल,लहना, अरई सुमेरपुर, चिरारी,छेंकवा एवं पुनवार में विकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सांसद विनोद कुमार सोनकर ने ग्राम पंचायत-सुखदा तथा अरई सुमेरपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में प्रतिभाग कर लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के तहत प्रमाण-पत्र वितरित किया सांसद ने ग्रामवासियों को केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, सरकार द्वारा जनहित में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों एवं सरकार की उपलब्धियों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार जाति, धर्म, क्षेत्र व संप्रदाय का बिना भेदभाव किए समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती कल्पना सोनकर ने ग्राम पंचायत-कोतारी पश्चिम तथा भाजपा जिलाध्यक्ष



श्री धर्मराज मौर्य ने ग्राम पंचायत-जमाल मऊ में आयोजित "विकसित भारत संकल्प यात्रा" कार्यक्रम में प्रतिभाग कर लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया तथा ग्रामवासियों को केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी भी दिया।विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में बैंक के स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, केसीसी एवं लोन से सम्बन्धित अन्य समस्याओं का निस्तारण किया। किसानों को रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों यथा-नैनो यूरिया के विषय में जागरूक किया गया। स्वास्थ्य विभाग एवं कृषि विभाग आदि विभागों के स्टॉल भी लगायें गयें। ह्लमेरी कहानी मेरी जुबानीह्व के तहत विभिन्न योजनाओ के लाभार्थियों ने योजना के लाभ से जीवन में आये परिवर्तन एवं उन्नति का अनुभव सभी से साझा किया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामवासियों ने प्रधानमंत्री का रिकार्ड किया गया संदेश भी सुना।

# राजस्व कर्मचारियों के बिना जमीनी विवाद का निस्तारण न कराए पुलिस : डीएम

**कोखराज थाना में आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी सुजीत कुमार व पुलिस अधीक्षक ब्रजेश श्रीवास्तव ने फरियादियों की समस्याओं को सुना**

**कोखराज कौशाम्बी।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर कोखराज थाना में आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी सुजीत कुमार व पुलिस अधीक्षक ब्रजेश श्रीवास्तव ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और उसके निस्तारण के कड़े निर्देश अधीनस्थों को दिए हैं जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व के मामलों के निस्तारण में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी उन्होंने कहा की लापरवाही बरतने पर दोषी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी राजस्व के मामले के निस्तारण विस्तार में लापरवाही पाए जाने पर कई कर्मचारियों को उन्होंने फटकार लगाई व सभी मामलों में राजस्व लेखपाल के साथ पुलिस बल को भी साथ जा कर विवादित मामलो को निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं



उन्होंने कहा कि यदि कोई भी जबरन कब्जा करने का प्रयास करता है तो कानूनी कार्यवाही जरूर करे मौके पर नायब तहसीलदार संजय सिंह, एसओ कोखराज इन्द्र देव, कानून गो सुरेन्द्र सिंह,लेखपाल, लोकनाथ पांडेय, पवन सिंह,मान सिंह, नरेंद्र सिंह, अमन सिंह,अशोक कुमार, देवेंद्र सिंह, अनुराधा वर्मा,पूनम मौर्य, नित्या पाल, पुलिस चौकी प्रभारी, शहजाद पुर कृष्णबिन्द, चौकी प्रभारी, सिंघिया संजय चौरसिया, भरवारी चौकी प्रभारी संजय शर्मा आदि लोगों की उपस्थिति में समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुना गया।

# लाखों का सोलर पैनल उठा ले गए चोर

**पानी टंकी के लिए आए थे सोलर पैनल, इलाके में इसके पहले भी कई चोरी की घटनाओं का पुलिस नहीं कर सकी खुलासा**

अखंड भारत संदेश

**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के शहजादपुर में घर घर नल योजना के लिए निमार्णाधीन पानी की टंकी के लिए विद्युत सप्लाई के लिए लगाए जाने वाले 16 सोलर पैनल चोरी हो गए जिसकी कीमत लगभग ढाई लाख बताई जाती है सूचना पर पहुंची शहजादपुर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है इलाके में इसके पहले भी कई चोरी की घटनाएं हो चुकी है जिनका महीनो बाद भी पुलिस खुलासा नहीं कर सकी है। जानकारी के मुताबिक भारत सरकार की योजना हर घर नल योजना के अंतर्गत शहजादपुर गांव के रावण मैदान के पास पानी टंकी का निर्माण किया जा रहा है। जिसे चलाने के लिए उसमें सोलर पैनल लगाया जाना था। ठेकेदार ने मौके पर सोलर पेनल पहुंचा दिया था वहां पर तैनात सुरक्षा गार्ड भैया लाल ने बताया कि शुक्रवार की रात्रि वह दो बजे तक जाग रहा था उसके बाद नींद आने पर वह सो गया। सुबह उठा तो देखा कि विद्युत आपूर्ति के



लिए आया 16 सोलर पैनल गायब था जिसे चोर उठा ले गए। ठेकेदार शाहिद ने बताया कि एक पैनल की कीमत 16 हजार है ऐसे में चोरी किए सोलर पैनल की कुल कीमत ढाई लाख रुपए से अधिक की है पुलिस जांच पड़ताल कर लौट आई है लेकिन इतनी बड़ी तादाद में सोलर पैनल के चोरी के मामले के खुलासे में रत्ती भर आगे पुलिस नहीं बढ़ सकी है इलाके में इसके पहले भी कई चोरी की घटनाएं हो चुकी है जिनका खुलासा चौकी पुलिस नहीं कर सकी है चौकी इंचार्ज का ट्रांसफर कर दिया गया है नए चौकी इंचार्ज के आते ही फिर चोर गिरोह के सदस्यों ने घटनाओं को अंजाम देना शुरू कर दिया है जिससे इलाके के लोगों में भय दहशत का माहौल है।

# बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र सेमिनार का हुआ आयोजन

**रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के सभी संस्थाओं के शिक्षक हुए शामिल**

**कौशाम्बी।** भरवारी स्थित रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के सभी संस्थाओं के शिक्षकों का आज कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज भरवारी के सेमिनार हॉल में बाल विकास एवं शिक्षा शास्त्र पर सेमिनार का आयोजन हुआ , जिसमें श्रीमती के. राशी कुमार, प्रशांत सिंह, आकाश अग्रवाल एवम अंशु गुप्ता आदि विषय विशेषज्ञों ने अपनी अपनी राय दी । इस ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को अपने छात्रों के समग्र विकास को बढ़ावा देने में शामिल जटिलताओं की गहरी समझ से लैस करना है। सत्र की शुरूआत बाल विकास में प्रमुख अवधारणाओं की आकर्षक खोज के साथ हुई, जिससे शिक्षकों को अपने छात्रों के विकास के संज्ञानात्मक, भावनात्मक और सामाजिक आयामों में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान की गई। विशेषज्ञ ने बाल विकास के विभिन्न चरणों पर गहराई से चर्चा की और प्रत्येक चरण में शिक्षकों के लिए प्रस्तुत अद्वितीय चुनौतियों और अवसरों पर प्रकाश डाला । सत्र के दौरान जिन केंद्रीय विषयों पर जोर दिया गया उनमें से एक सहायक और समावेशी शिक्षण वातावरण बनाने का महत्व था विशेषज्ञ ने सकारात्मक दृष्टिकोण को आकार देने और छात्रों के बीच अपनेपन की भावना को बढ़ावा देने में शिक्षकों



की भूमिका को सूत्रधार के रूप में रेखांकित किया विविध कक्षाओं के प्रबंधन के लिए व्यावहारिक रणनीतियों को साझा किया गया, जिससे शिक्षकों को प्रत्येक बच्चे की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपना दृष्टिकोण तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसके अलावा सत्र में शैक्षणिक रणनीतियों पर चर्चा की गई जो सक्रिय शिक्षण और आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देती हैं। शिक्षकों को छात्रों में जिज्ञासा और रचनात्मकता पैदा करने के लिए डिजाइन की गई नवीन शिक्षण पद्धतियों से परिचित कराया गया। विशेषज्ञ ने विभिन्न शिक्षण शैलियों को समायोजित करने के लिए निदेशात्मक तकनीकों को अपनाने के महत्व पर जोर दिया, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि प्रत्येक छात्र अकादमिक रूप से आगे बढ़ सके। शिक्षक-छात्र गतिशीलता में प्रभावी संचार की भूमिका एक प्रमुख फोकस क्षेत्र था। विशेषज्ञ ने स्वस्थ शिक्षक-छात्र संबंधों को बढ़ावा देने में मूल्यवान अंतर्दृष्टि साझा की, इस बात पर जोर दिया कि ऐसे संबंधों का बच्चे के समग्र विकास पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। शिक्षकों को अपने छात्रों के साथ तालमेल बनाने में मदद करने के लिए सक्रिय श्रवण और रचनात्मक प्रतिक्रिया सहित व्यावहारिक संचार तकनीकों पर चर्चा की गई। जैसे-जैसे सत्र शुरू हुआ, यह स्पष्ट हो गया कि व्यावसायिक विकास के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता पाठ्यक्रम अद्यतन से परे फैली हुई है। इस तरह के सत्रों में निवेश करके, प्रबंधन अपने छात्रों के भविष्य को आकार देने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानता है। बाल विकास और शिक्षाशास्त्र सत्र के दौरान अर्जित ज्ञान और कौशल अमूल्य उपकरण हैं जो निस्संदेह स्कूल के भीतर शिक्षण प्रथाओं की प्रभावशीलता को बढ़ाएंगे अंत में बाल विकास और शिक्षाशास्त्र पर हालिया सत्र एक पोषण और गतिशील सीखने के माहौल को बढ़ावा देने के लिए स्कूल के समर्पण के प्रमाण के रूप में खड़ा है। संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने कहा कि नवीनतम अंतर्दृष्टि और रणनीतियों के साथ शिक्षकों को सशक्त बनाकर, प्रबंधन यह सुनिश्चित करता है कि शिक्षक अपने छात्रों को शैक्षणिक सफलता और व्यक्तिगत विकास की यात्रा पर मार्गदर्शन करने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित हैं। संस्थान के डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर मयंक मिश्रा ने कहा कि यह सक्रिय दृष्टिकोण न केवल शिक्षण स्टाफ को लाभान्वित करता है, बल्कि इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह उनकी देखरेख में प्रत्येक छात्र के समग्र कल्याण और विकास में योगदान देता है।इस सेमिनार में केपीएस वाइस प्रिंसिपल प्रखर मिश्रा विकास पांडे नारायण तिवारी मधुबन पटेल दीपक खरवार बद्री विशाल शुक्ला आदि समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# आज आयोजित होगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**ग्राम पंचायत-उलाचूपुर, अम्बावां पश्चिम, सिरियावां कला, रामपुर, भकन्दा, देवाना, राला, चक हिंगुई, हुसैनमई, लोहीधूरी, दिया उपरहार एवं डक शरीरा में आयोजित होगा कार्यक्रम**

**कौशाम्बी।** जनपद की ग्राम पंचायत-उलाचूपुर, अम्बावां पश्चिम, सिरियावां कला, रामपुर, भकन्दा व देवाना में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा राला, चक हिंगुई, हुसैनमई, लोहीधूरी, दिया उपरहार व डकशरीरा में 02 बजे से सायं 4:30 बजे तक दिनांक 10 दिसम्बर 2023 को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जायेंगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं-आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना(ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गॉवों का स्वामित्व, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं पीएम स्वनिधि योजना आदि से लाभान्वित किया जायेंगा। बैंक के स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, केसीसी एवं अन्य लोन से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण किया जायेंगा। समस्त सहकारी समितियों द्वारा अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाया जायेंगा तथा रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों यथा-नैनो यूरिया के विषय में जागरूक किया जायेंगा। स्वास्थ्य विभाग एवं कृषि विभाग आदि विभागों के स्टॉल लगायें जायेंगे। विभिन्न योजनाओं के सफल लाभार्थी ह्लमेरी कहानी मेरी जुबानीह्वके तहत अपने अनुभव/फीडबैक साझा करेंगे। वैन के माध्यम से मा0 प्रधानमत्री जी का रिकार्ड किया गया संदेश आमजन को सुनाया जायेंगा। विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो प्रसारित किया जायेंगा। सत्त कृषि गतिविधियों पर सत्र-ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों/विषय विशेषज्ञों की वार्ता एवं चर्चा होगी। महिला एसएचजी सदस्यों/स्कूली छात्रों/स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियॉ-ह्लधरती कहे पुकारह्व एवं स्वच्छता गीत आदि प्रस्तुत किये जायेंगे। स्थानीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्यों द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेंगा।

# खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत कबड्डी ,खो-खो, 100 मीटर की दौड़ तथा क्रिकेट का आयोजन

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** एन डी कन्वेंट स्कूल एंड स्वर्गीय श्री समाधि महाराज बाबा सूरजपाल दास इंटर कॉलेज नसीरपुर , मूरतगंज के प्रांगण में 09 दिसम्बर को खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबंधक मिथिलेश कुमार सिंह ने फीता काटकर खेल का शुभारंभ किया। खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत कबड्डी ,खो खो ,100 मीटर की दौड़ तथा क्रिकेट का आयोजन किया गया। कबड्डी जूनियर बालिका वर्ग में निर्जला यादव गायत्री तनु यादव रिया सैनी अंशिका महक नैंसी रेशमा स्नेहा की टीम विजय रही, जूनियर बालक वर्ग में शिवम यादव पीयूष कुमार अंश यादव अनुज कुमार लकी सिंह आकाश कुमार सौरभ प्रियांशु चिंटू यादव की टीम विजय रही। सीनियर बालिका वर्ग में स्नेहा संजना सोनाक्षी प्रिया पारुल की टीम विजय



रही तथा बालक सीनियर वर्ग में पंचम अरुण कुमार शुभम राज अमित कुमार आदर्श मनीष कुमार की टीम विजय रही। 100 मीटर दौड़ में प्रिंस सेन शिवसागर सिंह जांसी साक्षी सहन अहमद नैतिक कुमार अरुण कुमार रेशमा प्रियांशी सिंह निखिल मिश्रा प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा मीनाक्षी अंश कुशवाहा शिवानी रवीना शशांक कुमार लकी सिंह आदर्श यादव सिया अनामिका शर्मा आदर्श पाल द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्र-छात्राओं को प्रधानाचार्य महेश कुमार ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया इस मौके पर उप प्रधानाचार्य अनीता कुमारी रामनरेश यादव राधा रानी सरोज अग्रवाल सुनील सिंह सुनील सिंह आकांक्षा पाल अभिषेक साहू नंदिता पाल मनीष विश्वकर्मा शिवानी यादव अनिल कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### कृष्ण जन्म होते ही मनौरी भागवत कथा में हुई फूलों की वर्षा



**कौशाम्बी** तहसील चायल क्षेत्र के मनौरी बाजार में चल रहे 7 दिवसीय श्री मद्भागवत कथा में चतुर्थ दिन शुक्रवार को श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया जिसमें कथा वाचक बंशी नंदन राधे शुक्ल के मुखार बिंदु से श्रोताओं को कथा रसपान करने को मिला साथ मे भागवत कथा सहयोगी मोहित शास्त्री सच्चा बाबा आश्रम प्रयागराज व अनुभव शास्त्री वृंदावन मथुरा भी रहे। भागवत कथा मनौरी में श्री कृष्ण जन्म होते ही पूरे पंडाल में फूलों की वर्षा हुई बाजार के व्यापारियों में पुरुष व महिला सहित सैकड़ो की संख्या में उपस्थित लोगों के बीच प्रभु श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया बच्चों के बीच खिलौने लडडू वा मिठाईया भी बांटी गई कथा वाचक व्यास जी ने बताया कि वासुदेव जी की पत्नी देवकी के गर्भ से श्री कृष्ण जी का जन्म बुधवार की रात रोहिणी नक्षत्र में हुआ श्री वासुदेव जी महाराज ने श्री कृष्ण जी को डलिया में लिटाकर अपने सर पर रखकर यमुना जी नदी को पार किया था भागवत कथा मनौरी बाजार निवासी गुलाब चंद केशरवानी पुत्र जगन्नाथ केशरवानी के यहाँ हो रहा है जँहा बाजार के व्यापारी समाज के लोग बढ़ चढ़ कर कथा का रसपान कर रहे है।

### कृषि विभाग ने बीज दुकान में 62 छापे की कार्यवाही करते हुए लिया 22 नमूना





**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी द्वारा गठित तीन टीमों ने दिनाँक 09 दिसम्बर को बीज की दुकानों पर छापे की कार्यवाही की। प्रथम टीम तहसील चायल में उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी एव उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी सिराथू अभय राज गुप्ता द्वितीय टीम तहसील सिराथू में अपर जिला कृषि अधिकारी अनुज कुमार मौर्य एव उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी,मंझनपुर सुरुचि विश्वकर्मा तथा तृतीय टीम तहसील मंझनपुर में जिला कृषि अधिकारी मनोज कुमार गौतम एव भूमि संरक्षण अधिकारी विपिन कुमार की सयुक्त टीम द्वारा कुल 62 छापे की कार्यवाही करते हुए 22 नमूना एकत्र किया गया। तीन विक्रेताओं को कारण बताओं नोटिस दिया गया।

### रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण में बाधक बने ग्रामीणों के घर प्रशासन ने चस्पा की नोटिस

**24 घंटे का दिया अल्टीमेटम रविवार यानी 10 दिसंबर को प्रशासन अधिग्रहित भूमि को खाली करवाएगा**



**अझुवा कौशांबी।** आवागमन जाम से निजात के लिए अझुवा से धूमाई रेलवे ओवर ब्रिज का उद्घाटन डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने बीते साल किया था कार्यदाई संस्था को वर्ष उपरांत रेलवे उपरिगमी पुल सुचारू रूप से तैयार कर देना था कार्यदाई संस्था ने रेलवे के फाटक तक सभी पिलर खड़े कर दिए लेकिन बस्ती क्षेत्र के ग्रामीणों ने कार्य में मुआवजे को लेकर अड़ंगा लगा दिया कई बार मीटिंग हुई ,नोटिस चस्पा की गई।सर्किल रेट से 4 गुना मुआवजा सरकार के अधीनस्थों ने तय किया। आज शनिवार को नायब तहसीलदार विनय सिंह,सैनी कोतवाल जयचंद्र शर्मा चौकी इंचार्ज अरुण कुमार मौर्य , लेखपाल सहित तमाम प्रशासनिक अधिकारियों और रेलवे कर्मचारियों ने मुराइन के पुरवा धूमाई के दरिया पुत्र सुरजदीन,उमेंद्र पुत्र देवशन , जयनेन्द्र पुत्र अशोक, शुभनेत्र पुत्र उमराव सिंह,बिंद कुमार पुत्र रामभरोसे सहित दर्जनों घरों में नोटिस चस्पा पर 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि कुछ लोग ग्रामीणों को बरगला कर विकास कार्य में बाधक बने हैं रेलवे ब्रिज के एक तरफ पुल तैयार हो रहा है दूसरी ओर नीव तक नहीं खोदी जा सकी है रविवार यानी 10 दिसंबर को प्रशासन अधिग्रहित भूमि को खाली करवाएगा अनावश्यक विकास में बाधक बने लोगो पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### विधायक ने मार्बल टाइल्स शोरूम का किया शुभारंभ



**कौशाम्बी।** पूरामुफ्ती प्रयागराज रोड स्थित रतन मार्बल एन्ड टाइल्स भव्य शोरूम का शनिवार को पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता विधायक चायल पूजा पाल ने फीता काटकर शुभारंभ किया मनौरी बाजार निवासी रतन केशरवानी पुत्र शम्भू लाल केशरवानी वरिष्ठ भाजपा नेता के टाइल्स एन्ड मार्बल शोरूम पूरामुफ्ती प्रयागराज जीटी रोड पर शनिवार को शुभारंभ हुआ। शोरूम शुभारम्भ कार्यक्रम में पूर्व व वर्तमान विधायक रमेश अग्रहरि व्यापारी नेता ,मनोज केशरवानी बिल्डर ,पप्पू पंडित ,मनोज भट्ठा वाले , राजू केशरवानी ,मन्ना केशरवानी ,रजत केशरवानी ,बीरेंद्र केशरवानी ,अमन ,विष्णु आदि लोग शामिल रहे।

### वांछित अभियुक्तों को चौकी पुलिस ने भेजा न्यायालय



**अझुवा कौशांबी।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अझुवा चौकी पुलिस इंचार्ज अरुण कुमार मौर्य मय हमराहियों वांछित अभियुक्त को धर दबोचा और न्यायालय भेज दिया 2018 के एक मुकदमे में माया देवी पत्नी अमर सिंह, रवि पुत्र अमर सिंह निवासी ऐमापुर वांछित थे जिनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार पुलिस प्रयास कर रही थी शनिवार को दोनों वांछित अभियुक्तों को चौकी पुलिस अझुवा ने हिरासत में लेकर न्यायालय भेज दिया है।

संपादक की कलम से

# न्याय मिलने में देरी का मतलब न्याय से वंचित रखना है

जीएन बाजपयी

**मामलों** की प्रगति को उच्चतम स्तर पर ट्रैक किया जाना चाहिए और हर छह महीने में संसद में पेश किया जाना चाहिए। एक साल से अधिक पुराने मामलों को अलग-अलग अदालतों द्वारा निपटाया जाना चाहिए और जो एक वर्ष या उससे कम पुराने हैं, वे अलग से निपटाये जाएं। इन मामलों के लिए समय सीमा न्यूनतम होनी चाहिए जो मामले के प्रकार पर निर्भर करता है। भारत के लोकतंत्र के गर्भगृह के रूप में विख्यात ऐतिहासिक संसद भवन को नवीनतम सुविधाओं से लैस नए भवन में स्थानांतरित कर दिया गया है। पुरानी इमारत का अपना इतिहास, भावना और कहानी है। जैसा कि मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा- 'यहां तक कि उस इमारत की ईंटों और दीवारों में ब्रिटिश काल से लेकर आजादी के बाद भारत के 15 प्रधानमंत्रियों के कार्यकाल तक की कहानियां और किस्से थे। पुरानी संसद लोकतंत्र की सर्वोच्च सीट के केंद्र के रूप में उभरी यह इमारत आने वाले समय के लिए अमर रहेगी।' इस जगह का नाम 'संविधान भवन' रखा गया है क्योंकि आखिरकार स्वतंत्र भारत का संविधान यहां पेश किया गया था, बहस की गई थी और उसे अपनाया गया था। जब हम बदलते हैं, अधिक आधुनिक बनते हैं, उपयोग और उपभोग करने के लिए रिक्त स्थान का विस्तार करते हैं, शाब्दिक रूप से बिल्डिंग शिफ्ट के मामले में और रूपक रूप से हमारे दृष्टिकोण और विचारों के संदर्भ में तो गंभीर वादों पर फिर से विचार करना उचित है। संविधान की प्रस्तावना में अन्य बातों के साथ-साथ यह प्रतिष्ठापित किया गया है, हम भारत के लोग, सत्यनिष्ठा से संकल्प कर रहे हैं..., अपने सभी नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए।' 4 अप्रैल 2023 को जारी तीसरी भारतीय न्याय रिपोर्ट में दर्ज किया गया कि दिसंबर 2020 तक उच्च न्यायालयों और जिला न्यायालयों में कुल 490 लाख मामले लंबित रहे। इनमें से 190,000 मामले 30 वर्षों से लंबित थे और 56 लाख मामले10 से अधिक वर्षों से लंबित हैं। इसके अलावा जेल में बंद कैदियों में से 77 प्रतिशत विचाराधीन कैदी हैं जिन्हें मुकदमों की प्रतीक्षा में हिरासत में रखा गया है। 2021 में हिरासत में बंद 88,725 विचाराधीन कैदियों ने औसतन 1-3 साल का समय हिरासत में गुजारा था। 24,033 से अधिक विचाराधीन कैदियों ने पांच साल और 11,049 ने पांच साल से अधिक समय हिरासत में बिताया। 2 अगस्त, 2022 तक सुप्रीम कोर्ट में कुल 71,411 (56,365 सिविल और 15,076 आपराधिक) मामले लंबित थे। ये आंकड़े न्याय नहीं मिलने की एक खतरनाक तस्वीर पेश करते हैं। इसे कहने का सबसे आसान तरीका है कि 'न्याय में देरी न्याय से वंचित रखना है'। मैग्ना कार्टा की धारा 40 में कहा गया है- 'किसी को भी हम न्याय के अधिकार से इनकार या देने में देरी नहीं करेंगे।' 1948 में अपनाई गई मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा भी न्याय के अधिकार की गारंटी देती है। अत्यधिक देरी अपरिवर्तनीय दीर्घकालिक परिणाम देती है। न्याय प्रणाली में भरोसे को यह लगातार और धीरे-धीरे, चुपके से मार देता है। देश की विभिन्न सरकारों ने फास्ट ट्रैक अदालतों, विशेष न्यायाधिकरणों, उपभोक्ता अदालतों, लोक अदालतों आदि की स्थापना जैसे कदम उठाए हैं। देरी के कारणों की भी पहचान की गई है- जैसे कि सरकार सबसे बड़ी वादी है, न्याय प्रणाली के लिए अपर्याप्त बजट, जनसंख्या के लिहाज से न्यायाधीशों का कम अनुपात, क्षमता और प्रतिबद्धता की कमी, मानदंड के रूप में स्थगन, लंबी न्यायिक प्रक्रिया, कार्य संस्कृति आदि। शीघ्र न्याय प्रदान करने के लिए एक विशेष बुनियादी ढांचा निगम, न्याय प्रशासन की निगरानी और प्रशासनिक सुधार करने के लिए एक अलग प्राधिकरण की स्थापना, प्रशासनिक और न्यायिक कार्यों को अलग करने, सरकार के साथ सहयोग और समन्वय आदि जैसे सुझाव दिए गए हैं। हालांकि आम वादी को न्याय भ्रामक और आर्थिक नजरिए से अवहनीय लगता है। मुकदमे के लिए पांच साल से अधिक समय से इंतजार कर रहे किसी भी व्यक्ति से मिलें तो उसके चेहरे पर जीवन और स्वतंत्रता पर अपरिवर्तनीय परिणामों का दर्द स्पष्ट दिखाई देगा। न्याय में देरी से पीड़ित लोगों की एक बड़ी संख्या प्रकारांतर से गरीब और वंचित है। फिर भी न्याय प्रणाली में देरी कुछ लोगों के लिए आर्थिक अर्थ रखती है। उदाहरण के लिए, मुकदमे में देरी से कुछ वकीलों को लाभ होगा। इसे देखते हुए इस क्षेत्र में पुनर्विचार की तत्काल आवश्यकता है। कहा जाता है कि आज सरकार प्राथमिकताओं के शीघ्र निष्पादन के लिए खड़ी है और 'मिशन मोड' में लक्ष्यों को आगे बढ़ाने की बात करती है। इसका एक उदाहरण सभी के लिए नल के माध्यम से पानी उपलब्ध कराने या सरकार का 'नल से जल' कार्यक्रम है। इसी तरह न्याय प्रदान करना भी एक मिशन होना चाहिए। इस तरह के मिशन की यात्रा इस पहचान के साथ शुरू होनी चाहिए कि मामलों के निपटान में कौन, कैसे और क्या देरी करता है। देरी से निपटने के लिए, विशेष रूप से अनियमित मामलों में, अपरंपरागत तरीकों पर विचार किया जाना चाहिए। यदि आवश्यक हो तो कानूनों, संहिताओं, नियमों, विनियमों, प्रक्रियाओं में संशोधन पर विचार किया जाना चाहिए। यह संभव है। जैसा कि 'महिला आरक्षण विधेयक' के मामले में हुआ जिसे संसद के दोनों सदनों ने बिना किसी देरी के पारित कर दिया। निपटान में तेजी लाने के लिए मामलों को श्रेणियों में अलग करना भी संभव होना चाहिए। इस तरह के वर्गीकरण के आधार पर मामलों के निपटान के लिए एक समय सीमा तय की जानी और लागू की जानी चाहिए। विभिन्न प्रक्रियाओं में विलंब के लिए जवाबदेही निर्धारित की जानी चाहिए और तेजी से कार्रवाई की जानी चाहिए। न्यायपालिका को भी इस जवाबदेही के अधीन किया जाना चाहिए। हर जिले में कम से कम एक दर्जन मॉनिटर नियुक्त किए जा सकते हैं। उन्हें सीमित प्रशासनिक कर्मियों की मदद से कम्प्यूटरीकरण, वर्गीकरण और सुनवाई की करीबी निगरानी, साक्ष्य एकत्र करने/ प्रस्तुतिकरण, तर्क और अंतिम आदेश के लेखन और वितरण के लिए सहायता प्रदान करने की आवश्यकता है। मामलों की प्रगति को उच्चतम स्तर पर ट्रैक किया जाना चाहिए और हर छह महीने में संसद में पेश किया जाना चाहिए। एक साल से अधिक पुराने मामलों को अलग-अलग अदालतों द्वारा निपटाया जाना चाहिए और जो एक वर्ष या उससे कम पुराने हैं, वे अलग से निपटाये जाएं। इन मामलों के लिए समय सीमा न्यूनतम होनी चाहिए जो मामले के प्रकार पर निर्भर करता है। सरकार को अपने विवादों के निपटारे के लिए न्यायिक प्रणाली को बंद करने के बजाय वैकल्पिक तंत्र पर विचार करना चाहिए। आने वाले वर्षों में बड़े पैमाने पर भर्ती, प्रशिक्षण, बुनियादी ढांचे के निर्माण आदि की आवश्यकता हो सकती है और तभी मामलों के निपटान की कवायद को आगे बढ़ाया जा सकता है। समय पर तथा कम खर्च पर न्याय प्रदान करने के साथ-साथ वास्तविकताओं और वादियों के दर्द को समझने के लिए विशेष रूप से वरिष्ठ अधिवक्ताओं से सेवा आमंत्रित की जानी चाहिए।

सुधारों का विरोध होना तय है लेकिन पूरी प्रक्रिया के लिए खुले दिमाग की जरूरत, विश्वास निर्माण के लिए सर्वदलीय सहमति, सुझावों को स्वीकार करने की इच्छा और निष्पक्षता व पारदर्शिता के हित में दिशा बदलने की आवश्यकता होगी। जब न्याय देने की बात आती है तो अब आधे-अधूरे प्रयासों या पारंपरिक तरीकों का समय बीत चुका है। ऐसी कार्रवाई की जरूरत है जो बड़ी संख्या में पीड़ित लोगों के हित में सावधानीपूर्वक, साहसिक, त्वरित लेकिन निष्पक्ष हो लेकिन ये कानूनी प्रक्रिया को किसी भी तरह से शॉर्ट सर्किट किए बिना किए जाने चाहिए। यह किसी और काम की तरह का एक कठिन कार्य होगा, लेकिन यह कुछ ऐसा है जिसे अवश्य ही किया जाना चाहिए।

# पांच राज्यों के चुनाव परिणाम : नतीजों के निहितार्थ

कुमार प्रशांत

**इस बार** पांच राज्यों के चुनाव को 2024 के बड़े चुनाव का पूर्वाभ्यास करार दिया गया था। कांग्रेस ने हिसाब लगाया कि कहां-कहां 'लंबी सत्ता का जहर' भाजपा को मार सकता है, कहां-कहां हमारी सरकार का 'अच्छा काम' हमें फायदा दे सकता है। कांग्रेस की नजर इस पर भी थी कि चुनाव का परिणाम ऐसा ही होना चाहिए कि 'इंडिया' में डंडा हमारे हाथ में रहे। यह गणित बुरा भी था, अपर्याप्त भी। कभी जादूगर का खेल देखा है? राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जादूगर के बेटे हैं, लेकिन जादू दिखा कोई दूसरा रहा है। पांच राज्यों में हुआ चुनाव ऐसी जादूगरी का नमूना है। अब जब चुनावी धूल बैठ चुकी है, घायल अपने घावों की साज-संभाल में लगे हैं, विजेता अपनी जीती कुर्सियां झाड़-पोंछ रहे हैं, हम जादू के पीछे का हाल देखने-समझने की कोशिश करें। मोदी-शाह ने जिस नई चुनावी-शैली की नींव 2014 से डाली है उसकी विशेषता यह है कि न उसका आदि है, न अंत ! यह सतत चलती है। चुनाव की तारीख घोषित होने पर चुनावी-मुद्रा में आना, चुनाव की तारीख तक चुनाव लड़ना और फिर जीत-हार के मुताबिक अपना-अपना काम करना-ऐसी आरामवाली राजनीति का अभ्यस्त रहा है यह देश, इसके राजनीतिक दल! मोदी-शाह मार्का राजनीति इसके ठीक विपरीत चलती है। वह तारीखें देखकर नहीं चलती, नई तारीखें गढ़ती है। चुनावी सफलता की तराजू पर तौलकर वह अपना हर काम करती है। उनके लिए चुनाव वसंत नहीं है कि जिसका एक मौसम आता है; यह बारहमासी झड़ी है। उनके लिए विदेश-नीति भी चुनाव है, यूक्रेन-फिलीस्तीन-गजा-इजरायल भी और पाकिस्तान भी चुनाव है; जी-20 भी चुनाव है; खेल व खिलाड़ी




भी चुनाव हैं; चंद्रयान भी चुनाव है; सरकारी तंत्र व धन भी चुनाव के लिए है। उनके लिए जनता भी एक नहीं, कई हैं जिनका अलग-अलग चुनावी इस्तेमाल है। मार्च 2018 में प्रधानमंत्री ने जनता का एक नया वर्ग पैदा किया था : विकास के लिए प्रतिबद्ध जिले! 112 जिलों की सूची बनी। ये जिले ऐसे थे जिनके विकास की तरफ कभी विशेष ध्यान नहीं दिया गया था। जो बड़े राजनीतिक पहलवान हैं वे अपने व अपने आसपास के चुनाव क्षेत्रों के लिए सारे संसाधन बटोरने में मग्न रहते हैं। नये चुनाव क्षेत्रों का सर्जन किसी के ध्यान में भी नहीं आता। मोदीजी ने अपनी रणनीति में इसे शामिल किया और 112 जिलों की सूची बना दी। किसी ने नहीं समझा कि यह चुनाव की नई कांस्टीट्यूएंसी तैयार करने की योजना है। इन जिलों में से 26 जिले ऐसे थे जो मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान तथा तेलंगाना के 81 चुनाव-क्षेत्रों में फैले थे। ये सभी अधिकांशतः आदिवासी व अन्य पिछड़े समुदायों के इलाके थे। पहली बार इन इलाकों को लगा कि कोई है जो इनका अस्तित्व मानता ही नहीं, बल्कि उन्हें आगे भी लाना चाहता है। यहां विकास की क्या कोशिशें हुईं उनकी समीक्षा का यह मौका नहीं है। मौका है यह समझने का कि इन 81 चुनाव क्षेत्रों में भाजपा ने इस बार कांग्रेस को कड़ी टक्कर लगाई। 2018 में जहां इन क्षेत्रों में भाजपा ने बमुश्किल 23 सीटें जीतीं थीं, 2023 में उसने यहां 52 सीटें जीती हैं- पिछले के मुकाबले दोगुने से ज्यादा। यह अपने लिए नये चुनावी आधार गढ़ने की योजना का एक हिस्सा था। 'स्मार्ट सिटी योजना,' अलग-अलग समूहों को नकद सहायता की लगातार घोषणा आदि सब चुनाव के नये कारक हैं जिनके जनक मोदीजी हैं। इस बार पांच राज्यों के चुनाव को 2024 के बड़े चुनाव का पूर्वाभ्यास करार दिया गया था। कांग्रेस ने हिसाब लगाया कि कहां-कहां 'लंबी सत्ता का जहर' भाजपा को मार सकता है, कहां-कहां हमारी सरकार का 'अच्छा काम' हमें फायदा दे सकता है। कांग्रेस की नजर इस पर भी थी कि चुनाव का परिणाम ऐसा ही होना चाहिए कि 'इंडिया' में डंडा हमारे हाथ में रहे। यह गणित बुरा भी था, अपर्याप्त भी। जब एक जादूगर अपने हैट से नये-नये खरगोश निकालकर दिखा रहा हो तब मजमा उस नट को कैसे देखता रह सकता है जिसे तनी हुई रस्सी पर संतुलन साधने का एक ही खेल आता है? और वह भी ऐसा कि संतुलन बार-बार डगमगाता भी रहता है! कांग्रेस राष्ट्रीय दल है तो सही, लेकिन उसके पास राष्ट्रीय सत्ता नहीं है; जो सत्ता है उसे भी वह संभाल नहीं पा रही है। उसके पास राष्ट्रीय पहचान व कद का एक ही नेता है जिसका नाम है- राहुल गांधी ! राहुल गांधी की जानी-अनजानी बहुत सारी विशेषताएं होंगी, लेकिन देश जो देख पा रहा है वह यह है कि वे अब तक राजनीतिक भाषा का ककहरा भी नहीं सीख पाए हैं; उनके पास वह राजनीतिक नजर भी नहीं है जो चुनावी विमर्श के मुद्दे खोज लाती है। कांग्रेस में दूसरा कोई पंचायत स्तर का नेता भी नहीं है। कांग्रेस के पास उसका कोई शाह, कोई योगी, कोई शिवराज, कोई हेमंता नहीं है; वह किसी को बनने भी नहीं देती। दूसरी तरफ भाजपा है। उसके पास भी एक ही 'राहुल' है-नरेंद्र मोदी! उनके पास हर मौसम की भाषा है, गिद्ध-सी वह राजनीतिक नजर है जो हर मुद्दे को अपने हित में इस्तेमाल करने की चातुरी रखती है। उनका कद इतना बड़ा 'बनाया' गया है कि उसे कोई छू नहीं सकता। फिर नीचे कई नेता है जिनका अपना आभा मंडल है। इन सबके साथ है, एक परिपूर्ण प्रचार-तंत्र, एक परिपूर्ण धन-तंत्र तथा एक परिपूर्ण मीडिया-तंत्र। कांग्रेस का सबसे बड़ा नेता कांग्रेसियों की नजर में भी पर्याप्त नहीं है; भाजपा का नेता भाजपाइयों की नजर में राजनीतिक नेता ही नहीं, अवतार भी है। दोनों का मुकाबला बहुत बेमेल हो जाता है।

'इंडिया' के घटक जानते हैं कि कांग्रेस के कारण ही वे 'इंडिया' हैं, लेकिन वे जो जानते हैं, वह मानते नहीं हैं। इसलिए कोई बंगाल को तो कोई उत्तरप्रदेश को तो कोई तमिलनाडु को तो कोई 'बिहार' को 'इंडिया' मानकर चलता है। इस तरह सब बिखरी मानसिकता से एक होने की कोशिश करते हैं। यह असंभव की हद तक कठिन काम है। 2014 से लेकर अब तक भाजपा की रणनीति यह रही है कि वह अपना राजनीतिक आधार बनाने व बढ़ाने के लिए वक्ती नफा-नुकसान का हिसाब नहीं करती। राजनीति संभव संभावनाओं का खेल है। 2023 फिर से बताता है कि संभव संभावनाओं में असंभव संभावना छिपी होती है। भाजपा वैसी संभावनाओं को पकड़ने की हर संभव कोशिश कर, असंभव को साधती आ रही है। दूसरे संभव को असंभव बनाने के खेल से बाहर ही नहीं आ पाते। क्या 2024 इसी कहानी को दोहराएगा? देखना है कि कौन नये खरगोश बना व दिखा पाता है।

**(लेखक गांधी शांति प्रतिष्ठान के अध्यक्ष हैं। )**

# चीन की अर्थव्यवस्था अभी भी कोविड सिंड्रोम से बाहर नहीं

अंजन रॉय

**क्षमता** के कृत्रिम निर्माण के माध्यम से अर्थव्यवस्था को हमेशा के लिए बढ़ावा देने के इन चीनी अधिकारियों के मौलिक दृष्टिकोण के किसी न किसी समय समस्या में पड़ना तय है। यही कारण है कि चीन की उच्च विकास अवधि फिलहाल खत्म हो गई है, लेकिन भारत से काफी ऊपर अपना स्थान बरकरार रखते हुए दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। सबसे शक्तिशाली वैश्विक क्रेडिट एजेंसियों में से एक, मूडीज ने चीन के आर्थिक दृष्टिकोण को स्थिर से घटाकर नकारात्मक कर दिया है। किसी देश के वित्तीय बाजारों और वैश्विक निवेशकों के लिए एक विश्वसनीय गंतव्य के रूप में इसका प्रमुख निहितार्थ है।

तत्काल, यह परिवर्तन चीन के निवेश या उधार को प्रभावित नहीं कर सकता है। लेकिन दृष्टिकोण का नीचे की ओर संशोधन किसी देश के लिए प्रतिष्ठा का विषय है। इसका तात्पर्य यह है कि चीनी अर्थव्यवस्था के लिए संभावनाएं बहुत उज्ज्वल नहीं हैं और इससे चीन में नये धन का प्रवाह रुक सकता है। चीन के वित्त मंत्रालय ने मूडी के दृष्टिकोण का विरोध किया है और बताया है कि चीन के पास वित्त का भंडार है और देश की अर्थव्यवस्था को नयी गति देने के लिए सुधार शुरू किये जा सकते हैं। माना जाता है कि मूडीज ने अभी तक चीन की क्रेडिट रेटिंग में कटौती नहीं की थी। इसने अपनी सॉवरेन बॉन्ड रेटिंग के लिए ए-1 रेटिंग बरकरार रखी है, जिसका अर्थ है कि ऐसे बॉन्ड अच्छे निवेश हैं और इन्हें चुकाया जा सकता है। क्रेडिट रेटिंग में बदलाव एक संकेतक है कि संबंधित इकाई अपनी उधारी चुकाने की स्थिति में नहीं हो सकती है। मूडी, दो वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों में से एक, जिनकी बातों को निवेशकों और ऋणदाताओं द्वारा सुसमाचार सत्य के रूप में लिया जाता है, उस दर को बहुत प्रभावित करती है जिस पर एक इकाई (जो एक वाणिज्यिक निकाय है) या एक देश उधार ले सकता है। कम रेटिंग स्पष्ट रूप से उच्च ब्याज दर को आकर्षित करेगी। मूडीज के लिए निकट भविष्य में चीन के दृष्टिकोण को संशोधित करने के लिए तात्कालिक उकसावे की वजह कुछ समय से देखे गये कई प्रतिकूल रुझान हैं। सबसे महत्वपूर्ण कारक चीन के संपत्ति बाजार में गहरी गिरावट और देश के वित्तीय स्वास्थ्य पर इसका प्रभाव है। इस प्रकार, अर्थव्यवस्था की समग्र वृद्धि धीमी हो गई है। चीन दशकों से 8 प्रतिशत या उससे ऊपर की दर से दुनिया को पछाड़ते हुए आगे बढ़ रहा था। कथित तौर पर तेज गति वाले विकास ने करोड़ों लोगों को अत्यंत गरीबी से उठाकर आर्थिक कल्याण की ओर अग्रसर किया है। मध्यम वर्ग में वृद्धि हुई है और यह दुनिया में सबसे बड़े में से एक है।

हालांकि, महामारी के बाद से अर्थव्यवस्था धीमी हो रही है। देश के सर्वोच्च नेता शी जिनपिंग के निर्देशन में लगाये गये कठोर लॉक-डाऊन ने वस्तुतः सभी क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों का गला घोंट दिया था। इसने कई क्षेत्रों को पंगु बना दिया था और मानवीय लागत बहुत अधिक थी। विभिन्न प्रांतों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के बाद ही शीर्ष नेताओं ने नुकसान की सीमा को देखा और कुछ सुधारात्मक कदम उठाये गये।

लेकिन फिर, बंदी की सख्ती जितनी ही अचानक और हैरान करने वाली बात रही उसे खोलना। सभी प्रतिबंधों को अचानक वापस लेने और सावधानीपूर्वक तैयार किये गये अलगाव के परिणामस्वरूप कोविड मामलों में ताजा उछाल आया। कोविड से शुरूआती मौतों के साथ-साथ प्रतिबंध खुलने के बाद हुई मौतों ने देश की अर्थव्यवस्था पर भारी कीमत चुकाई। व्यक्तियों के कुछ मामलों की तरह, चीन भी लंबे समय से चल रहे कोविड के दुष्प्रभावों से पीड़ित है। कोविड की अधिकता से दीर्घकालिक प्रभाव के लक्षण स्पष्ट हैं। महामारी के तुरंत बाद 8 प्रतिशत और उससे अधिक की वृद्धि दर बीच में 3.5प्रतिशत से भी कम हो गई है। लेकिन अब, रुक-रुक कर ही सही, विकास फिर से शुरू हो रहा है। मूडीज ने अनुमान लगाया है कि चीन 2024 और 2025 दोनों में लगभग 4 प्रतिशत और 2026 से 2030 तक प्रति वर्ष औसतन 3.8 प्रतिशत की वृद्धि करेगा। कमजोर जनसांख्यिकी सहित संरचनात्मक कारक, 2030 तक संभावित विकास में लगभग 3.5प्रतिशत की गिरावट ला सकते हैं। आधिकारिक तौर पर, चीन को चालू वर्ष के दौरान 5 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है। विकास में अचानक गिरावट का मतलब घरेलू मांग को झटका है। वैश्विक सुस्ती और प्रतिकूल भू-राजनीतिक माहौल के कारण निर्यात में मजबूत वृद्धि के अभाव में, चीन घरेलू खपत मांग में बढ़ोतरी की उम्मीद कर रहा था और इस तरह घरेलू मांग में बढ़ोतरी होगी। अपनी नयी रणनीति में, उसे निर्यात में गिरावट की भरपाई करनी चाहिए थी। हालांकि, वास्तव में ऐसा नहीं हो रहा है। चीनी अर्थव्यवस्था के एक महत्वपूर्ण क्षेत्र में मांग अचानक कम हो गई है। रियल एस्टेट और आवास निर्माण उद्योग देश की अर्थव्यवस्था का लगभग एक तिहाई हिस्सा था। अतीत में देखा गया भारी निर्माण उछाल घरेलू अर्थव्यवस्था को सीमेंट, स्टील, अन्य निर्माण सामग्री से लेकर बिजली के सामान से लेकर फर्नीचर जैसे क्षेत्रों तक हर चीज की अतिरिक्त मांग के साथ बढ़ावा दे रहा है। वर्षों से, चीन ने देश भर में नये कस्बे और शहर बनाये हैं। वास्तव में, जब से चीनी अर्थव्यवस्था खुली है और उसने अपना महत्वाकांक्षी सुधार कार्यक्रम शुरू किया है, तब से अर्थव्यवस्था में तेजी आई है। बढ़ते शहरीकरण और घर की खरीद ने चीन के उद्योग के एक बड़े क्षेत्र के लिए स्नेहक के रूप में काम किया।

लेकिन, नये घर और व्यावसायिक संपत्ति खरीदने की एक सीमा है। नये शहरों से आवासीय मकान खाली पड़े होने की खबरें आ रही हैं। देश में चारों तरफ भुतहा शहर और खाली आवास सम्पदाएं हैं। यह एक ऐसा मामला था जहां एक ही आर्थिक विकास ट्रिगर का वर्षों से अत्यधिक दोहन किया गया है।

ऊंची उड़ान भरने वाले रियल एस्टेट और निर्माण उद्योगों की एक श्रृंखला चल पड़ी है। जैसे-जैसे रियल एस्टेट की कीमतें नीचे गिरीं अतिरिक्त आवास और वाणिज्यिक संपत्ति स्टॉक के दबाव में, सबसे बड़े डेवलपर्स दबाव में आ गये। इनमें से सबसे बड़ी कंपनी, कंट्री गार्डन में भुगतान संबंधी समस्याएं थीं और वह प्रतिबद्धताओं का पालन नहीं कर सकी। कुछ अन्य ने भी इसका अनुसरण किया।

उनकी विफलताओं के परिणामस्वरूप पूरे प्रांतों में व्यापक विरोध प्रदर्शन और धरने हुए। एक तानाशाही शासन के लिए ऐसे तमाशे घृणित थे। इनमें से कई प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हटा दिया या सार्वजनिक प्रदर्शन से दूर कर दिया। बहरहाल, इन्होंने अपनी छाप छोड़ी और अर्थव्यवस्था में विश्वास को और बढ़ाया। आवास और रियल एस्टेट क्षेत्रों में संकट के कारण बड़े क्षेत्रों में व्यापक क्षति हुई। चीन में एक विशाल गैर-बैंकिंग वित्तीय क्षेत्र है, जिसे 'शैडो बेकिंग सेक्टर' कहा जाता है। ये भारत की बड़ी एनबीएफसी की तरह, कुछ हद तक अनौपचारिक प्रकृति की हैं और समग्र मिल को गति प्रदान करती हैं। वे उपभोक्ताओं के साथ-साथ अन्य कॉरपोरेट्स को भी वित्त प्रदान करते हैं। इनमें से कई चीनी एनबीएफसी का रियल एस्टेट और हाउसिंग सेक्टर में बड़ा निवेश है। वे बड़े संपत्ति शेयरों के समग्र खरीदार होने के साथ-साथ संपत्ति क्षेत्र के कॉरपोरेट्स के धन प्रदाता भी हैं। संपत्ति कंपनियों में परेशानी का मतलब एनबीएफसी या बैंकिंग क्षेत्र के लिए परेशानी है। पिछले हफ्ते ही चीन की सबसे बड़ी एनबीएफसी डूब गई थी। पूरी स्थिति वित्तीय क्षेत्र के संकट के निर्माण में बदल रही है। सच कहें तो वित्तीय क्षेत्र का संकट सबसे बुरा सपना है क्योंकि इन वित्तीय क्षेत्र की संस्थाओं का पूरी अर्थव्यवस्था में जुड़ाव है। यदि वित्तीय क्षेत्र संकट में है, तो ये वास्तविक अर्थव्यवस्था में काफी तेजी से प्रसारित होते हैं। संकटग्रस्त आवास और रियल एस्टेट क्षेत्रों ने चीनी स्थानीय सरकारों और नगर पालिकाओं से नयी जमीनें खरीदना बंद कर दिया है। ये निकाय इन बिल्डरों और नयी टाउनशिप के प्रमोटरों को भूमि स्टॉक की बिक्री पर बहुत अधिक निर्भर थे। एक बार जब नगर पालिकाओं और स्थानीय निकायों के लिए भूमि की बिक्री से धन का स्रोत समाप्त हो गया।

# तेजी से बढ़ रहा है राष्ट्रीय पार्टियों का वर्चस्व, घबराहट में क्षेत्रीय दल !

**पांच** राज्यों के चुनाव में देखने लायक सबसे बड़ी बात यह है कि मतदाताओं ने क्षेत्रीय दलों की अपेक्षा राष्ट्रीय पार्टियों को वोट देना उचित समझा । हालिया रिजल्ट देख कर क्षेत्रीय दलों में घबराहट है और खास कर उन दलों में जो एक विशेष जाति या समुदाय के भरोसे राजनीति करते है ।

गौरतलब है कि केंद्र और राज्य में जिस हिसाब से भाजपा और कांग्रेस का दबदबा बढ़ता जा रहा है। इसे छोटी पार्टियों के लिए खतरे की घंटी के तौर पर देखा जा रहा है। 2024 का लोकसभा चुनाव छोटी पार्टियों के लिए अस्तित्व को बचाने की लड़ाई है। कभी यही छोटे दल केंद्र और राज्य में किंगमेकर की भूमिका निभाते थे, लेकिन आज इनका दबदबा अपने ही क्षेत्र कम होता जा रहा है। इसके पीछे की बड़ी वजह कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधी टक्कर है।

2014 के लोकसभा चुनाव के बाद से ही छोटी पार्टियां का दखल केंद्र और राज्यों से धीरे-धीरे खत्म होता जा रहा है, जिन राज्यों में भाजपा और कांग्रेस का स्ट्राइक रेट हाई है, वहां पर तो छोटी पार्टियों का वजूद भी खतरे में है। कर्नाटक और अब तेलंगाना विधानसभा चुनाव की ही बात करें तो दोनों ही राज्यों में क्षेत्रीय दल का सफाया कांग्रेस ने कर दिया। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ चुनाव में भी क्षेत्रीय दलों का पूरी तरह से मतदाताओं ने इग्नोर कर दिया है। इसीलिए छत्तीसगढ़ में अजीत जोगी की पार्टी का खाता नहीं खुला तो मध्य प्रदेश में सपा, आम आदमी पार्टी सहित बसपा खाता नहीं खोल सकी। इसी तरह राजस्थान में भी क्षेत्रीय पार्टियों का सियासी हश्र रहा।

मध्यप्रदेश में आप को 0 .54 फीसदी ,बीएसपी को 3.40 ,जेडीयू को 0.02 और समाजवादी पार्टी को 0.46 फीसदी वोट मिले । छत्तीसगढ़ में आप को 0.93 फीसदी , बीएसपी को 2 .05 फीसदी वोट मिले ।राजस्थान में हालाँकि इंडियन नेशनल लोकदल ने 1 और भारत आदिवासी पार्टी ने 3 सीटें जीती । बीएसपी को 2 सीटें मिली ।लेकिन यहाँ भी मुख्य मुकाबला 2 राष्ट्रीय दलों के बीच रहा ।

ध्यान देने योग्य यह बात है कि मध्यप्रदेश में आप पार्टी ने 70 से ज्यादा उम्मीदवार खड़े किये थे और समाजवादी पार्टी वहां 46 सीटों पर लड़ीं थी । कहा जा रहा है कि करीबी लड़ाई वाली कई सीटों पर समाजवादी पार्टी ने हर जीत से ज्यादा वोट पाए । बीएसपी,समाजवादी और आप पार्टी जैसे दलों के चुनाव मैदान में उतरने से जिस जाति के मतदाताओं के दम पर ये चुनाव लड़ रहे थे उनके वोट बिखर गए और उसका सीधा फायदा भाजपा को मिला ।

अब बात करें तेलंगाना की कांग्रेस को छत्तीसगढ़ और राजस्थान अपने दो राज्यों की सत्ता गंवानी पड़ी है, लेकिन तेलंगाना की सियासी बाजी अपने नाम कर ली है। कर्नाटक के बाद तेलंगाना में कांग्रेस 119 सीटें में से 64 सीटें जीकर दक्षिण भारत के एक और राज्य में पूर्ण बहुमत की सरकार बना ली है। तेलंगाना में मिली कांग्रेस की जीत और बीआरएस की हार का सियासी प्रभाव सिर्फ दक्षिण की सियासत तक ही सीमित नहीं बल्कि क्षेत्रीय की राजनीति पर भी पड़ेगा।

तेलंगाना में बीआरएस को असदुद्दीन ओवैसी का साथ भी नहीं बचा सका और केसीआर सत्ता की हैट्रिक लगाने से चूक गए। ओवैसी भले ही सात सीटें अपनी बचाने में कामयाब रहे, लेकिन केसीआर की सत्ता नहीं बचा पाए। कर्नाटक के बाद अब तेलंगाना के नतीजे बताते हैं कि मुसलमानों का भरोसा क्षेत्रीय दलों से उठ रहा है और कांग्रेस की तरफ उनका झुकाव तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे सोचने वाली बात यह है कि तेलंगाना में कांग्रेस की जीत क्या अखिलेश यादव के लिए बुरी खबर है?

देखा जाय तो मुस्लिमों का वोटिंग पैटर्न तेजी से बदल रहा है। पहले दिल्ली के एमसीडी चुनाव में मुसमलानों ने आम आदमी पार्टी से मूंह मोड़ा और कांग्रेस के पक्ष में वोट किया। मुसलमान यह बात अच्छे से जानते हुए कि मुकाबला भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच है और कांग्रेस चुनावी लड़ाई में नहीं है। मुस्लिमों का कांग्रेस के पक्ष में वोटिंग करना सियासी बदलाव के तौर पर देखा गया। दिल्ली के बाद कर्नाटक के चुनाव में मुसमलानों ने एकमुश्त वोट कांग्रेस के पक्ष में किया और जेडीएस को पूरी तरह से दरकिनार कर दिया था।

अखंड भारत संदेश
प्रयागराज, रविवार
10. 12. 2023



# राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह-समझौते से निपटे 43398 मामले, 41625570 रूपए प्राप्त हुआ राजस्व

अखंड भारत संदेश



लोक अदालत में बोलते जिला जज।

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह-समझौते से 43398 मामलों का निस्तारण हुआ। अर्थदण्ड, प्रतिकर, बैंक ऋण वसूली में चार करोड सोलह लाख पच्चीस हजार पांच सौ सत्तर रूपए वसूल किये।

शनिवार को जनपद न्यायालय में जिला जज विकास कुमार प्रथम ने राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ सरस्वती देवी चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। कुल 11 वादों का निस्तारण कर 2300 रुपए जुमार्ना वसूला। मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधीकरण जज श्रीकृष्ण यादव ने 34 मामलों का निस्तारण कर 6645000 रूपए प्रतिकर के बतौर दिलाए। परिवार न्यायालय प्रधान न्यायाधीश राकेश कुमार यादव ने 12 मामलों का निस्तारण कर 2267000 रूपए आपसी सुलह समझौते से दिलाया। कई वर्षों से परिवारिक विवाद से अलग हुए छह जोड़ों को सुलह समझौते से मिठाई खिलाकर माला पहनाकर साथ भेजा। त्वरित न्यायालय अपर जिला जज संजय कुमार ने 184 मामलों का निस्तारण कर 65400 रूपए जुमार्ना वसूला। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकान्त धर दुबे ने 870 मामलों का निस्तारण कर 139940 रूपए जुमार्ना वसूला। मारपीट मामले में वादी राजू व प्रतिवादी सुखराम निवासी भैसौंधा का समझौता कराया। सिविल जज सिडि विदुषी मेहा ने 47 फौजदारी का निस्तारण कर 940 रूपए जुमार्ना एवं दो वाद 138 एनआई एक्ट के निस्तारित कर वादी को दस हजार रूपए दिलाए। त्वरित न्यायालय सिविल जज सिडि सोनम गुप्ता ने 138 मामलों का निस्तारण कर 1960 रूपए, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम अंजलिका प्रियदर्शनी ने 123 मामलों का निस्तारण कर 2440 रूपए, मानिकपुर की ग्राम न्यायाधिकारी खुशबु चन्द्रा ने 85 मामलों का निस्तारण कर 1050 रूपए जुमार्ना वसूला।

न्यायिक अधिकारियों ने 1512 मामले निस्तारित कर 9137530 रूपए व अन्य न्यायालयों ने 41886 राजस्व मामलों का निस्तारण कर 32488040 रूपए प्रतिकर वसूला। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर 6 से 8 दिसम्बर तक हुई विशेष लोक अदालत में 27 वाद निस्तारित किए।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अपर जिला जज फारुख इनाम सिद्दीकी ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में 43398 मामलों का निस्तारण हुआ। जिसमें 41625570 रूपए अर्थदण्ड, प्रतिकर व बैंक ऋण वसूली की गयी। इस मौके पर राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी दीप नारायण तिवारी, अपर जिला जज विनीत नारायण पाण्डेय, नीरज श्रीवास्तव, त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज सुशील कुमार वर्मा, जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सत्यहरण यादव, इण्डियन बैंक के डिप्टी जोनल मैनेजर दयाशंकर, अग्रणी बैंक जिला प्रबंधक तुलसीराम आदि मौजूद रहे।

## अवैध ढंग से कब्जा की मंशा पाले हैं कुछ महंतः शिवरामदास

अखंड भारत संदेश



एसपी से सुरक्षा की गुहार लगाते महंत।

**चित्रकूट।** सीतापुर पुलिस चैकी क्षेत्र के सीतापुर माफी राघव प्रयागघाट निर्मोही आखाडा के महंत स्व रामाश्रेय दास के शिष्य/चेला महंत शिवरामदास ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा है कि निर्मोही आखाडा के अंतर्गत आने वाले सभी स्थान विरजाकुंड, पारस मंदिर आदि के महंत थे। अब वह सभी स्थानों व ठाकुर जी की पूजा भोग का प्रबंध व संचालन करते हैं। शनिवार को महंत शिवरामदास ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि पारस मंदिर में पुजारी करमदास उनका गुरु भाई व उनके गुरु स्व रामाश्रेय दास के कार्यकाल से ही पारस मंदिर का पुजारी है। उनके पारस मंदिर के पुजारी के कार्य से कोई असहमति नहीं है। रामस्वरूप दास व ओंकार दास खुद को निर्मोही आखाडा का महंत बताकर पारस मंदिर के पुजारी को हटाना चाहते हैं। मंदिर मे कब्जा करने को दोनों को कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि निमोर्ही अखाडा से इनका कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि निमोर्ही अखाडा व मंदिर की सुरक्षा व शांति को प्रभारी चैकी निरीक्षक खोही को निर्देश दें, ताकि वह तथा मंदिर के पुजारी के साथ कोई जोर - जबरदस्ती न हो सके, शांति व्यवस्था बहाल रहे। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मांग किया कि चैकी प्रभारी खोही को शांति व्यवस्था व पारस मंदिर के पुजारी की सुरक्षा करने का आदेश दिया जाये।

# एएसपी व सीओ ने थानों में सुनी समस्यायें



समस्यायें सुनते एएसपी।

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने पहाड़ी थाने में समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतों को सुनकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिये। शनिवार को एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने थाने में आये फरियादियों के भूमि विवाद के मामले सुने। मामलों को राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर जांचकर निस्तारण के निर्देश दिये। इस मौके पर पहाडी थानाध्यक्ष श्याम प्रताप पटेल व राजस्व तथा पुलिस विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। एएसपी ने कहा कि थाना दिवस के मामलों की शासन स्तर पर समीक्षा की जाती है। इन मामलों के निस्तारण में कोताही न बरतें। गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित कर पीडित को भी अवगत करायें।इसी क्रम में सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय ने थाना रैपुरा व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय ने थाना बहिलपुरवा तथा सीओ मऊ जयकरन सिंह ने थाना बरगढ़ में फरियादियों की समस्यायें सुनकर निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने समाधान दिवस में आये मामलों के फरियादियों की शिकायतें सुनकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिये। भूमि विवाद के मामलों को राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर जांचकर निस्तारण के निर्देश दिये।

## पुलिस ने दबोचे दो वारंटी

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में चैकी प्रभारी जिला अस्पताल मुन्नीलाल ने सिपाही आदित्य पाल के साथ मारपीट, जान से मारने की धमकी के मामले के वारंटी उदयवीर पुत्र रामखेलावन निवासी सिद्धपुर को दबोचा है। इसी क्रम में कोतवाली कर्वी के वारंटी चन्दन बौरिया पुत्र मुन्नालाल उर्फ राजनारायण निवासी शत्रुघ्नपुरी को गिरफ्तार किया है।

# मोदी की गारंटी वाली गाडी का सांसद ने किया भव्य स्वागत

## लाभार्थियों को बांटे आवास प्रमाण पत्र

अखंड भारत संदेश



विकसित भारत संकल्प यात्रा में बोलते सांसद।

**चित्रकूट।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत नगर पालिका कर्वी के दीनदयाल नगर वार्ड व पहाड़ी ब्लॉक के बक्टा बुजुर्ग तथा मानिकपुर ब्लॉक के खरौंध में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी आगमन पर ग्रामीणों से सांसद आरके सिंह पटेल ने गारंटी गाड़ी का स्वागत किया। मोदी सरकार के नौ वर्ष में गरीब, मजदूर, महिलाओं समेत युवाओं को योजनाओं के बारे में बताया। लाभार्थी परिवारों को आवास का भूमि पूजन कर प्रमाण पत्र सौंपे।

शनिवार को सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि भारत को विकसित करने का संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिया है, सबकी नैतिक जिम्मेदारी है कि अभियान में सहभागिता देकर हिस्सा बने, ताकि देश निर्बाध गति से तरक्की कर सके। सब लोग देश की विरासत पर गर्व करें, देश की आजादी को प्राणों को न्योछावर करने वाले वीर जवानों-अमर सपूतों का सम्मान करें। देश विश्व की बड़ी शक्ति के रूप में उभर रहा है। गांव, गरीब, किसान, मजदूर को मजबूत करने का काम मोदी कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि से किसानों को बड़ी मदद मिली है, वृद्धा-विधवा, दिव्यांग पेंशन से सभी को लाभान्वित करने का काम सरकार ने किया है। सरकारी खरीद केंद्रों में किसानों की फसलों की खरीद हो रही है। कोरोना काल से पांच किलो प्रति यूनिट मुफ्त राशन सरकार दे रही है। उज्जवला योजना से जरूरतमंद परिवार को गैस सिलेंडर मिल रहा है। आयुष्मान कार्ड से पांच लाख तक का इलाज मुफ्त मिल रहा है। मानिकपुर विधानसभा विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, मानिकपुर ब्लॉक प्रमुख अरविंद मिश्रा, कर्वी नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, ऐंचवारा मंडल अध्यक्ष आशीष पांडेय, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, हरि गोपाल मिश्रा, राजकुमार त्रिपाठी, समाजसेवी आशीष रघुवंशी, शिवाकांत पांडेय समेत सैकडों ग्रामीण मौजूद रहे।

# बालिकाओं को जागरूक करने को एंटी रोमियो टीमों ने बांटे नम्बर

अखंड भारत संदेश



हेल्पलाइन नम्बर बांटती एंटी रोमियो टीम।

**चित्रकूट।** मिशन शक्ति-4 व शक्ति दीदी अभियान में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर नोडल अधिकारी/मिशन शक्ति सीओ राजापुर/लाइन्स श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में थाना क्षेत्रो में एंटी रोमियों टीमों ने सार्वजनिक स्थलों व गांवों का भ्रमण कर महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक किया।

शनिवार को मिशन शक्ति व शक्ति दीदी ने सार्वजनिक स्थलो चैराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराने, महिलाओं-बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन, अभद्र टिप्पणी की घटनाओं को रोकने को जागरुक किया। महिला/बालिकाओं को सुरक्षा बाबत फोन नम्बर बताये। महिलाओं/बालिकाओं से कहा कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता को महिला हेल्पडेस्क है। जहां महिला पुलिस कर्मी महिलाओं की शिकायत सुनकर निस्तारित करती हैं। मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा बाबत हेल्पलाइन नम्बरों के पंपलेट बांटे। महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने, आत्मनिर्भर बनने, अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने को प्रेरित किया। सोशल मीडिया में प्राइवेसी रखते हुये प्रयोग करने की सलाह दी। महिलाओं/बालिकाओ को जिले में गठित एंटी रोमियो स्क्वायड टीम के बारे में बताया। सादे वस्त्रों तथा प्राइवेट वाहनों में सार्वजनिक स्थानों में जहां महिलाओं का आवागमन होता है, वहां पुलिस कर्मी तैनात रहते हैं। शोहदो/मनचलो की हरकतों को रोकने को कार्यवाही की जाती है।

# दो चोरियों का खुलासाः चोरों के कब्जे से जेवर-रुपये बरामद

अखंड भारत संदेश



पुलिस गिरफ्त में चोर।

**मऊ/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ मऊ जयकरन सिंह की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में मऊ पुलिस ने चोरी की घटनाओं को खुलासा कर दो चोरों को चोरी के माल समेत दबोचा है।

ज्ञात है कि 28 अक्टूबर को मऊ ब्लाक के सरकारी आवास के निवासी कम्प्यूटर ऑपरेटर मो सहनवाज ने थाने मे रिपोर्ट लिखाई कि आवास से अज्ञात चोरों ने नगदी व जेवरात चोरी कर लिये हैं। इसी क्रम में छह नवम्बर को मऊ थाने के परदवां गांव के टीकाधर द्विवेदी पुत्र ईश्वरधर द्विवेदी ने रिपोर्ट लिखाई कि अज्ञात चोरों ने पत्नी के साथ टप्पेबाजी कर बैग छीन लिया, नगदी व कागजात थे। पुलिस ने दोनों मामलों की रिपोर्ट दर्जकर दरोगा इन्द्रजीत गौतम को घटनाओं के खुलासे की जिम्मेदारी सौंपी। दरोगा इन्द्रजीत गौतम की टीम ने मुखबिर की सूचना पर शनिवार को हनुमान मंदिर के पीछे से कटिया तालाब के पास से मनीष पुत्र फूलचंद चिकवा व भिलाई उर्फ मनोज पुत्र रामसूरत पासी निवासी अहिरी को गिरफ्तार किया। चोरों के कब्जे से चोरी के दो जोड़ी पायल, दो अंगूठी, कान के टॉप्स व 16 हजार रुपये बरामद किये। बरामदगी पर धारायें बढाई। टीम में दरोगा इंद्रजीत गौतम, दीवान जुबेर अली, सिपाही राहुल पांडेय, प्रवीण पांडेय शामिल रहे।

# प्रकृति की पूजा ही परमात्मा की सच्ची पूजाः कथा व्यास

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** एसडीएम कॉलोनी में श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन भागवत प्रवक्ता बलुआ महाराज ने कहा कि श्री कृष्ण जन्म के बाद नंद बाबा के घर में उत्सव होने लगा। कंस के आदेश पर पूतना राक्षसी स्तनों में जहर लगाकर कृष्ण को मारने आई, उसे देख भगवान ने नेत्र बंद कर लिए। पूतना भगवान को उठाकर आकाश मार्ग में ले गई। भगवान ने दूध समेत पूतना के प्राणों को पी लिया, उसका उद्धार



पांचवे दिन कथा व्यास की पूजा करते यजमान।

कर दिया। शनिवार को भागवत कथा में बलुआ महाराज ने कहा कि बेटा-बेटी में भेद नहीं करना चाहिए। बेटियां तभी पैदा होती हैं, जब पूर्व जन्म में पुण्य कार्य किए हों। भगवान ने अघासुर, बकासुर, धनुकासुर कई राक्षसों का उद्धार किया। माखन चोरी लीला से समाज को संदेश दिया। यमुना को कालिया नाग के प्रदूषण से मुक्त कराया। आज कई कालिया हैं, जो देश की नदियों को प्रदूषित कर रहे हैं। गोवर्धन पर्वत की श्री कृष्ण ने पूजा कराकर संदेश दिया कि प्रकृति की पूजा ही परमात्मा की सच्ची पूजा है। इस मौके पर मुख्य यजमान रामसूरत पयासी, सावित्री देवी, राधेरमण पयासी, प्रशांत कुमार द्विवेदी, प्रभाकर द्विवेदी, निरंजन मिश्र, सत्यप्रकाश द्विवेदी, इं रोहित मिश्र, लवकुश पयासी, अनीता द्विवेदी, सतरूपा मिश्रा, साधना मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# काली कमाई कांग्रेस ने छुपाई, फूंका पुतला

## सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर छापेमारी में थक गये अधिकारी

अखंड भारत संदेश



कांग्रेस का पुतला जलाते भाजपाई।

**चित्रकूट।** भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की अगुवाई में भाजपाइयों ने कांग्रेस राज्यसभा सांसद के ठिकानो से मिले भ्रष्टाचार के धन के विरोध में धनुष चैराहे में पुतला जलाकर विरोध जताया।

शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने धनुष चैराहे में प्रदर्शन कर कहा कि झारखण्ड के कांग्रेस राज्यसभा सांसद धीरज साहू के व्यापारिक ठिकानो झारखण्ड, उडीसा व पश्चिम बंगाल में आयकर की छापेमारी में अब तक दो सौ करोड नगदी बरामद हुई है। अभी छापेमारी जारी है। कांग्रेस कमीशनखोरी व भ्रष्टाचार में लिप्त है, वहीं मोदी सरकार की गारंटी है कि भ्रष्टाचार का उन्मूलन किया जायेगा। दो बार चुनाव हार चुके धीरज साहू को कांग्रेस ने तीसरी बार राज्यसभा सांसद बनाया है। कांग्रेस गठबंधन इसे स्पष्ट करे, भ्रष्टाचार की काली कमाई से कांग्रेस जेब भर रही है। सारा पैसा गांधी परिवार की तिजोरी में जमा होता है। उन्होंने सवाल उठाये कि इस मामले में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, खडगे चुप्पी साधे हैं।

पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि जनता की गाढ़ी कमाई, कांग्रेस ने तिजोरी में छिपाई है। झारखंड में कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी में दो सौ करोड़ से ज्यादा रुपयों की बरामदगी चिंताजनक है। छापेमारी में इतना पैसा आईटी डिपार्टमेंट की 157 बोरियां कम पड़ गईं। नोट गिनते-गिनते मशीनें खराब हो गईं। नोट गिनने वाले अधिकारी थक गये, नोट कम नहीं पड़े। राहुल गांधी, सोनिया गांधी क्यों चुप हैं। इसी भ्रष्टाचार के विरोध में भाजपाइयों ने कांग्रेस का पुतला जलाया। नगर पालिका चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास भ्रष्टाचार का रहा हैं, जो समय-समय पर देश के सामने आता रहा हैं। प्रदर्शन मे खासतौर से अश्वनी अवस्थी, हीरो मिश्रा, सुशील द्विवेदी, रवि गुप्ता, बृजेन्द्र शुक्ला, बृजेश पांडे, महेन्द्र कोटार्य, मनोज तिवारी, सुनीत मिश्रा, बिनीत पयासी, दिब्या त्रिपाठी, बिनीता द्विवेदी, ममता सिंह, रिजवाना, संतोष मिश्रा, सुरेश अनुरागी, राजेश्वरी द्विवेदी, आभेष मिश्रा, युधिष्ठिर सिंह, विनोद पाडे, पवन बद्री, लवलेश निषाद, घनश्याम पटेल, दीपक, दिनेश पटेल, अभिषेक ओझा, गोलू गर्ग, छोटा गुप्ता, श्रवण, शुभम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# अपराध कर्म में लिप्त को माफिया में करें चिन्हितः एसपी

अखंड भारत संदेश



अपराध समीक्षा बैठक में बोलती एसपी।

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला ने पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में मासिक अपराध गोष्ठी में कहा कि अवैध खनन व ढुलान में पुलिस की संलिप्तता मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने बीती रात पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि अवैध खनन व ढुलान में पुलिस खासतौर पर सतर्क रहे। ऐसे लोगों पर कडी कार्यवाही की जाये। थाना प्रभारी को बताया कि मातहत तैनात पुलिस बल की गतिविधियों पर नजर रखें। कोई भी पुलिस कर्मी किसी भी तरह के अपराध में शामिल मिला तो कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि जितने मामले इस वर्ष दर्ज हुए हैं, विवेचना कर इसी वर्ष निस्तारित करें। संगीन अपराधों की खासतौर पर समीक्षा की। कहा कि लम्बित विवेचना का निस्तारण किया जाये।

पुलिस अधीक्षक ने थाना/चैकियों में मरम्मत की आवश्यकता बाबत निर्देश दिए कि सभी थाने मरम्मत कार्यों का प्रस्ताव बनाकर भेजें, ताकि क्रमवार मरम्मत कराई जा सके। बार-बार अपराध करने वालों की हिस्ट्रीशीट इसी वर्ष खोलें। ऐसे लोगों पर कडी कार्यवाही की जाये। जो अपराधी बार-बार अपराध करते हैं, जिनका स्थानीय स्तर पर प्रभाव है, उन्हें बतौर माफिया चिन्हित किया जाये। गोष्ठी में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय, सीओ प्रज्ञान अनुज कुमार मिश्र, सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, सीओ मऊ जयकरन सिंह, सीओ यातायात/कार्यालय राज कमल, वाचक पुलिस अधीक्षक परितोष दीक्षित, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण व सभी थाना/चैकी प्रभारी मौजूद रहे।

## चीन की एयरोस्पेस कंपनी लैंडस्पेस ने तीन वाणिज्यिक उपग्रहों को अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया

**बीजिंग।** चीन की प्राइवेट एयरोस्पेस कंपनी लैंडस्पेस ने शनिवार को तीन वाणिज्यिक उपग्रहों को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया। इससे पहले लैंड स्पेस अपने इस अभियान में जेडक्यू



2 वाहक रॉकेट को दो बार प्रक्षेपित कर चुका है। चीन के अखबार ग्लोबल टाइम्स के अनुसार इन उपग्रहों को उत्तर पश्चिम चीन के जिउक्वान सैटेलाइट प्रक्षेपण केंद्र से अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया गया। यह प्रक्षेपण राजधानी बीजिंग के समयानुसार सुबह 7:39 बजे किया गया।

## इराक में इमारत में आग लगी, 14 लोगों की मौत

**बगदाद।** इराक में एक इमारत में आग लगने से 14 लोगों की मौत हो गई। यह अनहोनी शुक्रवार रात अर्ध स्वायत्त कुर्दिस्तान के एरबिल प्रांत के सोरन शहर में हुई है। 18 अन्य लोग घायल



हैं। अल जजीरा चैनल ने सोरन स्वास्थ्य विभाग के हवाले से कहा है कि आग इस आवासीय इमारत में सबसे पहले तीसरी और चौथी मंजिल पर लगी। यहां विश्वविद्यालय के छात्र और शिक्षक रहते थे। इसके बाद आग सभी पांचों मंजिल पर फैल गई। प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि आग बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण लगी।

## अमेरिकी अभिनेता रयान ओ'नील का 82 वर्ष की आयु में निधन

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर अमेरिकी अभिनेता रयान ओ'नील का 82 वर्ष की आयु में निधन हो गया। सत्तर के दशक के हॉलीवुड हार्टथ्रोब कहे जाने वाले रयान ने लव स्टोरी, व्हाट्स ऐप, डॉक्टर ? और पेपर मून जैसी फिल्मों में दमदार अभिनय किया। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार उनके बेटे पैट्रिक ओ'नील ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट में पिता की मौत की पुष्टि की। मगर पोस्ट में न तो मौत का कारण बताया गया और न ही यह साफ किया गया कि उनकी मृत्यु कहां हुई। लव स्टोरी से रयान ओ'नील



रातोंरात फिल्म स्टार बन गए थे। इस फिल्म ने अपने समय में सर्वाधिक कमाई की थी। अखबार के अनुसार अभिनेता ओ'नील ने आधी सदी तक बड़े और छोटे दोनों स्क्रीन पर काम किया। ओ'नील को अभिनेत्री फराह फॉसेट के साथ लंबे समय तक रोमांस के लिए भी जाना जाता है। ओ'नील के अभिनय करियर को तब ऊंचाई मिली जब उन्हें नाइट टाइम सोप ओपेरा पीटन प्लेस में रोल मिला। उन्होंने लव स्टोरी में अली मैकग्रा के विपरीत अभिनय किया। इस फिल्म के लिए वो ऑस्कर के लिए नामांकित हुए। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सनसनी मचा दी थी। यह फिल्म एरिच सेगल के लोकप्रिय उपन्यास लव स्टोरी पर आधारित थी।

## इजराइल ने गाजा में हमास के 450 ठिकाने पर किया हमला, अब तक 17 हजार से अधिक की मौत

**गाजा।** इजराइल ने गाजा पर अब तक का सबसे बड़ा हमला किया है। इजराइली रक्षा बल (आइडीएफ) ने दावा किया है कि उसने पिछले 24 घंटे में हमास आतंकियों के 450 ठिकानों को तबाह कर दिया है। गाजा पर एक साथ इतने हमले भारी संख्या में फलस्तीनी नागरिकों की मौत के बाद अमेरिका भी चिंतित हो उठा है। हमास ने कहा कि इजराइली सेना के साथ उत्तर में गाजा शहर के शेजाइया जिले में और दक्षिण में खान यूनिस में सबसे तीव्र झड़पें हो रही थीं। इस दौरान इजराइली सैनिक दूसरे सबसे बड़े शहर एन्क्लेव के केंद्र में पहुंच गए। इजराइली सेना ने शुक्रवार को कहा कि उसने पिछले 24 घंटों में गाजा में जमीन, समुद्र और हवा से 450 से अधिक लक्ष्यों पर हमला किया है, जो पिछले सप्ताह संघर्ष विराम के बाद से सबसे बड़ा हमला है। इजराइल-हमास में चल रहे भीषण युद्ध के चलते गाजा के अधिकांश



लोग अब विस्थापित हो गए हैं और किसी भी तरह की सहायता वहां नहीं पहुंच रही है। अस्पतालों में भीड़ बढ़ गई है और भोजन खत्म हो गया है। विस्थापितों की मदद कर रही संयुक्त राष्ट्र की मुख्य एजेंसी ने कहा कि समाज पूरी तरह से पतन के कगार पर है। इजराइल ने पहले कहा था कि उसके सैनिकों ने पिछले महीने अपने कार्यों को काफी हद तक पूरा कर लिया है, उन्होंने इस सप्ताह नया हमला शुरू किया है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस हमले में 350 लोगों के मारे जाने की सूचना दी है। इसके साथ ही गाजा में गत दो महीने के इजराइली अभियान में मरने वालों की संख्या 17,170 से अधिक हो गई, जबकि हजारों लोग लापता हैं और माना जाता है कि वे मलबे में दबे हुए हैं। फिलिस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि शुक्रवार को इजरायल के हमले से वेस्ट बैंक के तुबास में छह फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई है। हमला दक्षिणी तुबास के अल-फरा शरणार्थी शिविर पर किया गया। वहीं, पत्रकारों के अंतरराष्ट्रीय संघ ने दावा किया कि इजराइल युद्ध में अब तक 68 पत्रकार मारे गए है। इजराइली सेना के भीषण हमले से खान यूनिस और उत्तरी गाजा तबाह हो रहा है। शुक्रवार की सुबह दक्षिण में खान यूनिस, केंद्र में नुसीरात शिविर और उत्तर में गाजा शहर में एक साथ कई हमले की सूचना मिली।

## जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूची में सातवें पायदान पर भारत, पिछली रिपोर्ट की तुलना में बेहतर प्रदर्शन

**मनीला।** दुबई में आयोजित वैश्विक जलवायु वार्ता के दौरान जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूची जारी हुई। सूची में भारत ने एक पायदान की बढ़ोत्तरी की है। सूची के अनुसार, भारत जलवायु परिवर्तन को लेकर गंभीर है और अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। बता दें, वैश्विक जलवायु शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए थे।

**ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कटौती**

सम्मेलन में जारी हुई रिपोर्ट के मुताबिक, भारत सूची में सातवें स्थान पर है। भारत पिछली बार जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक में आठवें स्थान पर था। ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कटौती होने के वजह से भारत को उच्च रैंकिंग मिली है। भारत दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश है। बावजूद इसके यहां प्रति व्यक्ति उत्सर्जन अपेक्षाकृत कम है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमारे डाटा से साफ होता है कि प्रति व्यक्ति जीएचजी श्रेणी में भारत दो डिग्री सेल्सियस से नीचे के बेंचमार्क को छूने वाला है। यह आंकड़ा सकारात्मक रुझानों को दर्शाता है। हालांकि, इसकी गति बहुत धीमी है।

**भारत अब भी तेल-गैस और पेट्रोल पर निर्भर**

सीसीपीआई के विशेषज्ञों का कहना है कि भारत दीर्घकालिक नीतियों के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान को पूरा करने की कोशिश कर रहा है, जो नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना है। हालांकि, भारत की जरूरतें अब भी तेल और गैस के साथ-साथ कोयले पर पूरी तरह से निर्भर करती है। तेल-गैस और कोयला ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का प्रमुख स्त्रोत है। यह वायु प्रदूषण का भी अहम कारण है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में पेट्रोल-डीजल पर अपेक्षाकृत अधिक कर है। इस कर की कुछ विशेषज्ञ सराहना करते हैं, उनका कहना है कि इससे पेट्रोल-डीजल की खपत में कटौती हो सकती है। वहीं कुछ जानकार इसे राजस्व को बढ़ाने का तरीका बताते हैं। वसुधा फाउंडेशन के सीईओ श्रीनिवास कृष्णास्वामी का कहना है कि जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक- 2024 में भारत को इस पायदान से ऊपर देखने में खुशी होगी।

## ऋषि सुनक बोले- अवैध आप्रवासन के खिलाफ अब तक का सबसे सख्त कानून पेश

**लंदन।** ब्रिटेन में आप्रवासन एक बहुत बडी समस्या बनती जा रही है। इसे रोकने के लिए सरकार भी कई फैसले ले रही है। इस बीच ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने कहा कि हम अपनी सीमाओं को सुरक्षित करने के लिए कड़े फैसले ले रहे हैं। अवैध प्रवास समाप्त होना चाहिए।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा कि हमारा नया विधेयक अब तक का सबसे सख्त अवैध आव्रजन विरोधी कानून है। इस विधेयक के कारण देश में आने वाले लोगों को संसद नियंत्रित करेगी, न कि आपराधिक गिरोह या कोई विदेशी अदालतें। सुनक ने कहा कि भले ही मैं एक प्रवासी का बेटा हूं लेकिन मेरे माता-पिता कानूनी रूप से ब्रिटेन आए थे। हमारे यहां आपराधिक गिरोह कमजोर लोगों को प्रताड़ित नहीं कर सकते। अप्रवासियों के बच्चे के रूप में मैं समझ सकता हूं कि लोग यहां क्यों आना चाहते हैं।

**यह है नया कानून**

हाल ही में, ब्रिटेन के गृह सचिव जेम्स क्लेवरली ने हाउस ऑफ कॉमन्स को बताया था कि नए नियमों



के तहत स्वास्थ्य वीजा पर ब्रिटेन आने वाले डॉक्टर अब अपने परिवार के किसी भी सदस्य को अपने साथ नहीं ला सकते हैं। इसके अलावा, कुशल श्रमिक वीजा पॉलिस के तहत आवेदकों के लिए वर्तमान सीमा जीबीपी 26,200 को बढ़ाकर जीबीपी 38,700 कर दिया गया है। वहीं, पारिवारिक वीजा श्रेणी के तहत आवेदन करने वालों को जीबीपी 18,600 है। आव्रजन नीति निष्पक्ष, सुसंगत, कानूनी और टिकाऊ होनी चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि छात्रों के आश्रितों पर रोक लगाने के कारण 3,00,000 कम लोग ब्रिटेन आएंगे। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का कहना है कि आव्रजन दर को कम करने की पॉलिसी कड़ी कार्रवाई है। आप्रवासन नीति से ब्रिटेन को लाभ होगा।

**ब्रिटेन के वीजा आवेदकों में सबसे अधिक भारतीय**

ब्रिटिश अधिकारियों के अनुसार, ब्रिटेन में दूसरे देशों से आने वाले डॉक्टर, पेशेवरों, कुशल श्रमिकों और विदेशी छात्रों में सबसे अधिक दबदबा भारत का है। स्वास्थ्य वीजा के लिए भारतीय आवेदकों की संख्या में 76 फीसदी की बढ़त हुई है। कुशल श्रमिकों की संख्या में 11 प्रतिशत की मामूली गिरावट हुई है। छात्र वीजा के आवेदकों में 43 फीसदी भारतीय हैं।

## डोनाल्ड ट्रंप को मिली थोड़ी राहत, चुनाव नतीजे पलटने के मामले में जा सकते हैं सुप्रीम कोर्ट

**वाशिंगटन।** अमेरिका के अपीलीय कोर्ट ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को राहत देते हुए गैग ऑर्डर में थोड़ी छूट दी है। बता दें कि गैग ऑर्डर वह आदेश होता है, जिसमें जज, अटॉर्नी, पार्टियों या गवाहों को केस के बारे में बात करने से प्रतिबंधित कर देते हैं। अब अपीलीय कोर्ट ने ट्रंप को इसमें थोड़ी राहत दे दी है।

**कोर्ट ने राहत देते हुए कही ये बात**

अदालत के आदेश के बाद अब ट्रंप विशेष अधिवक्ता, जज और न्याय विभाग, बाइडन सरकार की आलोचना कर सकेंगे। ट्रंप को यह राहत 2020 के चुनाव नतीजे पलटने के मामले में मिली है। हालांकि ट्रंप को यह छूट आंशिक ही मिली है क्योंकि अभी भी वह गवाहों, कोर्ट स्टाफ और विशेष अधिवक्ता के स्टाफ या उनके परिजनों के खिलाफ कोई बयानबाजी नहीं कर पाएंगे। आए आदेश में कहा गया है कि यह छूट देने का उद्देश्य ट्रंप के संशोधन अधिकार और न्याय प्रक्रिया



की अखंडता को संतुलित करना है। कोर्ट ने कहा कि ट्रंप पूर्व राष्ट्रपति और वर्तमान में राष्ट्रपति पद के दावेदार हैं लेकिन उन्हें ट्रायल कोर्ट में अन्य आपराधिक प्रतिवादियों की तरह ही पेश होना होगा।

**ट्रंप पर हैं ये आरोप**

बता दें कि चुनाव नतीजे पलटने के मामले में ट्रंप के खिलाफ गैग ऑर्डर अक्तूबर में यूएस डिस्ट्रिक्ट जज तान्या चुटकन ने दिया था। जज ने यह आदेश उस अपील के बाद दिया था, जिसमें इस बात पर चिंता जाहिर की गई थी कि ट्रंप सार्वजनिक बयानों, सोशल मीडिया गतिविधियों और गवाहों को डरा सकते हैं। वहीं डोनाल्ड ट्रंप की लीगल टीम अपीलीय कोर्ट के आदेश के खिलाफ पहले संशोधन अधिकार के लिए सुप्रीम कोर्ट में अपील कर सकती है।

## कैलिफोर्निया के पूर्व पुलिस प्रमुख को 11 साल की सजा; अदालत ने अमेरिका कैपिटल दंगा मामले में दोषी पाया

**कैलिफोर्निया।** कैलिफोर्निया के एक पूर्व पुलिस प्रमुख को कैपिटल पर हुए हमले से जुड़े मामले में दोषी पाया गया है। 6 जनवरी को कैपिटल दंगे के दौरान हथियारों से लैस 59 वर्षीय एलन होस्टेट्टर को 11 साल जेल की सजा सुनाई गई है। सीएनन की रिपोर्ट के अनुसार, होस्टेट्टर पहले कथित राजनीतिक विरोधियों को फांसी देने की वकालत कर चुके थे। अब कैपिटल दंगे में भूमिका पाए जाने पर अमेरिकी जिला न्यायाधीश रॉयस सी लैम्बर्थ ने गुरुवार (स्थानीय समय) को 135 महीने की सजा सुनाई।

59 वर्षीय एलन होस्टेट्टर को जुलाई में कई आरोपों में दोषी पाया गया। इसमें प्रशासन की आधिकारिक कार्यवाही में बाधा डालने की साजिश, आधिकारिक कार्यवाही बाधित करना, प्रतिबंधित इमारत या मैदान में घातक या खतरनाक हथियार के साथ प्रवेश, एक प्रतिबंधित इमारत में खतरनाक हथियार के साथ घुसकर अशांति फैलाने वाला आचरण करना भी शामिल है।

सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक होस्टेट्टर को मिली सजा के बाद अमेरिकी न्याय विभाग ने बयान जारी किया। इसके अनुसार, कैपिटल में हिंसा की घटनाओं से पहले, होस्टेट्टर ने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के आसपास विभिन्न साजिशों को



सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया। बाद में वह कैलिफोर्निया के ला हबरा पुलिस प्रमुख के रूप में रिटायर हुए। होस्टेट्टर पर कैपिटल दंगे से एक दिन पहले 5 जनवरी को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों की रैली को सह-प्रायोजित करने का भी आरोप है। खबरों के अनुसार उन्होंने वाशिंगटन, डीसी में हिंसक और उग्र बयानबाजी की। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, न्याय विभाग ने बताया कि अगले दिन, होस्टेट्टर रणनीतिक हथियार और पोशाक से लैस होकर कैपिटल पहुंचे। उनके पास एक हेलमेट, हैच, चाकू, स्टन बैटन, काली मिर्च स्प्रे और अन्य हथियार भी थे। कैपिटल पहुंचने पर होस्टेट्टर %स्टॉप द स्टील% रैली में भाग लेने से पहले %डीसी ब्रिगेड% के साथी सदस्यों में शामिल हो गए। इसके बाद, उन्होंने अन्य दंगाइयों के साथ मिलकर कानून-व्यवस्था कायम करने में जुटे अधिकारियों के खिलाफ काम किया। खबरों के अनुसार, होस्टेट्टर को 10 जून, 2021 को कैलिफोर्निया में अमेरिकी संघीय जांच एजेंसी-फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) ने गिरफ्तार किया था। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार कैपिटल दंगा मामले में चार सह-प्रतिवादियों को भी प्रशासन की आधिकारिक कार्यवाही में बाधा डालने की साजिश रचने के लिए नवंबर में दोषी ठहराया गया था। इनसे पहले मामले के पांचवें सह-प्रतिवादी रसेल टेलर को आधिकारिक कार्यवाही में बाधा डालने की साजिश रचने का दोषी ठहराया जा चुका था।

## विदेश मंत्री जयशंकर ने फलस्तीनी पीएम से की फोन पर बात, गाजा और वेस्ट बैंक को लेकर हुई बातचीत

**नई दिल्ली**

इजरायल और हमास के बीच आज भी जंग जारी है। इजरायल ने हमास के ठिकानों पर हमले भी तेज कर दिए हैं। इस बीच भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को फलस्तीनी प्रधानमंत्री मोहम्मद शतायेह के साथ फोन पर बातचीत की। जयशंकर ने फलस्तीन की स्थिति पर भी चर्चा की।



**गाजा और वेस्ट बैंक की स्थिति पर हुई बातचीत**

फोन पर बातचीत के दौरान मोहम्मद शतायेह ने जयशंकर के साथ गाजा और वेस्ट बैंक की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। दोनों नेताओं ने संपर्क साधे रखने पर भी सहमति बनाई। एक्स पर लिखते हुए जयशंकर ने कहा, शाम फलस्तीनी प्रधानमंत्री मोहम्मद शतायेह से बात की। गाजा और वेस्ट बैंक दोनों की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। फलस्तीन से भारत के लंबे समय से चले आ रहे संबंध करकरार रहेंगे, इसको भी दोहराया गया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने इस बीच कहा कि फलस्तीन मुद्दे के संबंध में भारत की स्थिति हमेशा दीर्घकालिक रही है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## मानवता शर्मसार! गाजा के अस्पतालों में सड़ी-गली हालत में मिले नवजात बच्चों के शव

**गाजा।** इस्राइल हमास की लड़ाई अकल्पनीय मानवीय आपदा लेकर आई है। बता दें कि गाजा के अल नस्र अस्पताल के आईसीयू में नवजात बच्चों के शव सड़ी-गली हालत में मिले हैं। गाजा के एक रिपोर्टर ने अस्पताल का वीडियो बनाया है, जिसमें दिख रहा है कि अस्पताल में नवजात बच्चों के शव अभी भी आईसीयू के बेड पर लाइफ सेविंग इक्विपमेंट्स से जुड़े हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वीडियो में चार नवजातों के शव दिख रहे हैं और कुछ तो कंकाल में बदल चुके हैं।

**इस्राइल के हमले के बाद खाली किया गया था अस्पताल**

बता दें कि नवंबर की शुरुआत में इस्राइल और हमास के बीच गाजा के अस्पतालों में लड़ाई लड़ी गई थी। इस्राइल का आरोप था कि इन



अस्पतालों में हमास के आतंकियों ने अपने ठिकाने बनाए हुए हैं। इस्राइल ने हमले से पहले अस्पताल खाली करने का निर्देश दिया था। जिसके चलते अस्पताल का स्टाफ जल्दबाजी में यहां से निकल गया था और माना जा रहा है कि इसी दौरान कई नवजात बच्चों को अस्पताल में ही छोड़ दिया गया, जिनकी बाद में मौत हो गई। अस्पताल के एक डॉक्टर ने बताया कि अस्पताल खाली करने से पहले ही दो नवजात बच्चों की मौत हो गई थी, जबकि अन्य बच्चे जीवित थे लेकिन बाद में देखभाल नहीं मिलने के चलते उनकी भी मौत हो गई। अस्पताल के पीडियाट्रिक विभाग के प्रमुख डॉ. मुस्तफा अल कहलौत का कहना है कि 9 नवंबर को अस्पताल के आईसीयू की ऑक्सीजन सप्लाई काट दी गई थी। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय संगठनों, रेड क्रॉस आदि से भी सप्लाई फिर से शुरू करने की अपील की गई थी लेकिन इसके बावजूद सप्लाई बंद रही। साथ ही युद्ध के चलते अस्पताल में एंबुलेंस भी नहीं पहुंच पाई। साथ ही अस्पताल के स्टाफ को भी जल्दबाजी में अस्पताल परिसर खाली करने का आदेश दिया गया। वहीं इस्राइली सेना ने नवजात बच्चों की जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया है और कहा है कि उन पर लगे आरोप बेबुनियाद और फर्जी हैं।

## इस्राइल ने हिजबुल्ला की चौकी पर की बमबारी, लेबनान से लड़ाई का दूसरा मोर्चा खुलने का बढ़ा डर

**तेल अवीव।** इस्राइली सेना ने कहा है कि उन्होंने हिजबुल्ला की एक चौकी पर बमबारी कर उसे तबाह कर दिया है। इस्राइली सेना का दावा है कि हाल ही में लेबनान की सीमा से इस्राइल पर हमला किया गया था। अब आईडीएफ (इस्राइल डिफेंस फोर्स) ने उस जगह की पहचान की, जहां से एंटी टैंक मिसाइल से हमला किया गया था और उसे तबाह कर दिया। इस हमले में हिजबुल्ला के कई लोग भी मारे गए हैं, जो उस चौकी पर तैनात थे। आईडीएफ के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हागारी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा किया, जिसमें उन्होंने लिखा कि आईडीएफ पर हिजबुल्ला की तरफ से मानवयुक्त चौकी से हमला किया गया था। जिस पर आईडीएफ ने उन आतंकियों की पहचान की, जो एंटी टैंक मिसाइल की लॉन्चिंग पोजिशन पर थे, जिस पर बीती रात इस्राइल की तरफ से हमला किया गया। बता दें कि लेबनान का कट्टरपंथी संगठन हिजबुल्ला खुलकर हमास का समर्थन कर रहा है और उसकी तरफ से लगातार इस्राइल पर मिसाइल हमले भी किए जा रहे हैं। इसे लेकर इस्राइल ने धमकी भी दी है, जिससे लड़ाई का दूसरा मोर्चा खुलने का भी खतरा बढ़ गया है। बता दें कि इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने धमकी दी है कि अगर हिजबुल्ला ने दक्षिणी लेबनान से इस्राइल के खिलाफ दूसरा मोर्चा खोलने की कोशिश की तो वह बेरुत को गाजा में तब्दील कर देंगे।

मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि सीरिया में इस्राइल के हमले में हिजबुल्ला के तीन लड़ाके मारे गए हैं, साथ ही एक सीरियाई नागरिक की भी इसमें मौत हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, इस्राइली ड्रोन के हमले में मदिनात अल बाथ शहर में एक कार को निशाना बनाया गया। यह इलाका इस्राइल के नियंत्रण वाले गोलन हाइट्स इलाके के पास है।